www.akhandbharatsandesh.net

वर्ष 25, अंक 44, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

प्रयागराज से प्रकाशित, लखनऊ, कानपुर, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, जौनपुर, वाराणसी, गाजीपुर में प्रसारित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 28 अगस्त 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## नेपाल में त्रासदी के बीच भूकंप के झटके, सैलाब ने ली 389 की जान, लापता की तलाश जारी

**नेपाल**

**नेपाल** में त्रासदी के बाद भूकंप के झटके महसूस किए गए. भूकंप की तीव्रता 3.2 दर्जी की गई. 26 अगस्त को आई भीषण बाढ़ के बाद भारत और नेपाल के बीच सड़क संपर्क भी प्रभावित हुआ है. दिल्ली से काठमांडू के बीच चलने वाली बस सेवा फिलहाल रोक दी गई है. इसके अलावा 29 अगस्त को चलने वाली नेपाली बस सेवा को भी होल्ड पर रखा गया है. भारत 28 अगस्त को फिर से नेपाल को राहत सामग्री भेजेगा.

बाढ़ और इससे जुड़ी घटनाओं में नेपाल में मरने वालों की संख्या 389 तक पहुंच गई है. उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक रसुवा में 17, नुवाकोट में 28, धादिंग में 33, चितवन में 137, गोरखा में 32, तनहुं में 28, नवलपरासी ईस्ट में 87 और नवलपरासी वेस्ट में 27 शव बरामद किए गए हैं.

विदेश मंत्रालय ने बनाया 24 घंटे का कंट्रोल रूम

नेपाल में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए भारत के विदेश मंत्रालय ने 24 घंटे काम करने वाला स्पेशल कंट्रोल रूम बनाया है. नेपाल में फंसे भारतीय नागरिक या उनके परिवार आपात स्थिति में कंट्रोल रूम से संपर्क कर सकते हैं. विदेश मंत्रालय के टेलीफोन नंबर +91 11 2308 8718, +91 11 2308 8719 और +91 11 2301 2113 हैं. हँ३२अस्त्रस्त्र कॉल या मैसेज के लिए +91 9968291988 पर संपर्क किया जा सकता है. ईमेल के जरिए पर जानकारी दी जा सकती है.



काठमांडू में भारतीय दूतावास के इमरजेंसी नंबर

नेपाल की राजधानी काठमांडू में भारतीय दूतावास ने भी आपातकालीन संपर्क नंबर जारी किए हैं. जरूरत पड़ने पर +977 985 131 6807, +977 970 910 7500 और +977 981 032 6117 पर संपर्क किया जा सकता है. इन नंबरों पर हँ३२अस्त्रस्त्र के जरिए भी संपर्क किया जा सकता है.

नेपाल के अधिकारियों से भी कर सकते हैं संपर्क

आपात स्थिति में नेपाली अधिकारियों से भी संपर्क किया जा सकता है. टूरिस्ट पुलिस का नंबर +977 9851289445 है. नेपाल आर्मी से +977 9851072914 और पर संपर्क किया जा सकता है. NDRRMA के लिए +977 9851320269 और +977 9849281097 नंबर दिए गए हैं. प्रभावित जिलों के लिए रसुवा पुलिस का नंबर +977 9851254960, नुवाकोट पुलिस का +977 9851282380, धादिंग पुलिस का +977 9851229860 और चितवन पुलिस का +977 9855013999 है.

यात्रियों को स्थिति साफ होने तक सावधानी बरतने की सलाह

दिल्ली-काठमांडू बस सेवा रुकने और 29 अगस्त की बस सेवा होल्ड किए जाने से साफ है कि बाढ़ का असर दोनों देशों के बीच सड़क यातायात पर भी पड़ा है. नेपाल जाने वाले यात्रियों को यात्रा से पहले बस सेवा और स्थानीय प्रशासन से ताजा जानकारी लेने के बाद ही आगे की योजना बनानी चाहिए।

### नेपाल क्यों है आपदाओं का 'पसंदीदा देश'?

**क्या** नेपाल कुदरत का कोई फेवरेट टारगेट बन गया है? 25 अप्रैल 2015 को धरती के कंपन ने नेपाल को हिलाकर रख दिया था. लोगों को लगा कि यह एक सदी की सबसे बड़ी तबाही थी, लेकिन देश को इसके बाद लगातार एक के बाद एक आपदा झेलनी पड़ी. 2024 में काठमांडू घाटी की भीषण बाढ़, 2025 में ग्लेशियल झील का फटना और ताजा तबाही 26 अगस्त 2026 में भोटेकोशी नदी में आई वह भयानक बाढ़. इसमें अब तक 165 से ज्यादा शव मिले हैं और 400 से ज्यादा लोग अभी भी लापता हैं. आखिर आपदाओं को नेपाल से ऐसा क्या लगाव है...

नेपाल क्यों है आपदाओं का 'पसंदीदा देश'?

नेपाल में आपदाएं इसलिए आती हैं क्योंकि कई खतरे एक साथ एक ही जगह मिल जाते हैं. यानी, यह सिर्फ एक वजह नहीं, बल्कि कई वजहों का खतरनाक संगम है. टकराती हुई टेक्टोनिक प्लेटें, बेहद ऊंचे-ऊंचे पहाड़, तीखी ढलानें, तेज बारिश, पिघलते ग्लेशियर और इन सबके बीच बसी हुई बस्तियां. इसे समझने के लिए हम इन वजहों को 5 बड़े हिस्सों में बांट सकते हैं.

प्लेटों की जंग भूकंप की असल वजह

नेपाल भारतीय प्लेट और यूरेशियन प्लेट के टकराव वाली सीमा पर बसा है. ये दोनों प्लेटें एक-दूसरे में हर साल करीब 5 सेंटिमीटर तक घुस रही हैं.

इस टकराव से जबरदस्त दबाव बनता है. यह दबाव अचानक रिलीज होता है, तो भूकंप आता है।

## दिल्ली में H1N1 के 166 नए केस दर्ज, कुल मामले बढ़कर 2612 हुए

**नई दिल्ली**

**दिल्ली** में बीते 24 घंटे में एच1एन1 के 166 मामलों की पुष्टि हुई जिसके बाद स्वाइन फ्लू के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 2612 पहुंच गई है. सरकार के आंकड़ों से यह जानकारी मिली. आंकड़ों के अनुसार, इन्फ्लुएंजा-ए के मामलों की कुल संख्या भी बढ़कर 3,300 हो गई है जो बुधवार (26 अगस्त) को 3,177 थी. राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को एन1एच1 के 138 मामले सामने आए थे.

अधिकारियों ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह ने गुरूवार (27 अगस्त) को इंदिरा गांधी अस्पताल का दौरा किया और एच1एन1 और मौसमी इन्फ्लुएंजा के बढ़ते मामलों से निपटने के लिए तैयारियों की समीक्षा की.

मंत्री ने अस्पताल की फ्लू मैनेजमेंट व्यवस्था का लिया जायजा

अस्पताल ने स्वाइन फ्लू के लिए एक विशेष क्लिनिक भी बनाया है, जहां पर संदिग्ध मरीजों की सबसे पहले जांच की जाएगी और मेडिकल जांच से एच1एन1 का पता लगाया जाएगा. जिन मरीजों में संक्रमण पाया जाएगा उन्हें आगे के इलाज और देखभाल के लिए विशेष वार्ड में भेज दिया जाएगा. अस्पताल के निरीक्षण के दौरान मंत्री ने अस्पताल की फ्लू प्रबंधन व्यवस्था का जायजा लिया, जिसमें



सेपरेट बिस्तर, इमरजेंसी सर्विस, जांच संबंधी बुनियादी ढांचे, दवाओं की उपलब्धता और कर्मचारियों की तैनाती शामिल थी.

किसी भी व्यक्ति को घबराने की जरूरत नहीं-पंकज कुमार

मंत्री ने कहा, मैं दिल्ली की जनता को भरोसा दिलाना चाहता हूं कि किसी भी व्यक्ति को घबराने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है. दिल्ली सरकार और हमारा स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से तैयार हैं. हमारे डॉक्टर, नर्स, लैब तकनीशियन और अन्य स्वास्थ्यकर्मी पूरी तरह से सतर्क हैं और पूरी गंभीरता और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं.

एच1एन1 मरीजों के लिए आइसोलेशन वार्ड

सिंह ने कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से स्थिति पर लगातार नजर रख रहे हैं और नियमित रूप से अस्पतालों का निरीक्षण कर रहे हैं. मंत्री ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और चिकित्सा निदेशकों व मेडिकल सुपरिटेंडेंट को पूरी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं. मंत्री ने कहा कि अस्पताल में एच1एन1 मरीजों के लिए एक विशेष पृथक वार्ड बनाया गया है.

उन्होंने कहा, ह्लइस बीमारी के लक्षण ज्यादातर आम मौसमी फ़्लू या बुखार जैसे ही हैं और मरीज इलाज के बाद ठीक होकर अपने घर लौट रहे हैं. वर्तमान में जो मरीज फिलहाल अस्पतालों में भर्ती हैं, उनका डॉक्टर उचित उपचार कर रहे हैं.ह्व दिल्ली सरकार के सभी अस्पतालों को निर्देश दिया गया है कि वे जरूरी तैयारी बनाए रखें और मामलों में किसी भी तरह की बढ़ोतरी होने पर तुरंत प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## BPSC TRE-4 में एक ही परीक्षा होगी, छात्रों के आगे झुकी सम्राट सरकार

**पटना**

**बीपीएससी** टीआरई-4 के अभ्यर्थियों के लिए सम्राट सरकार की ओर से बड़ी राहत दी गई है. चौथे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा में अब एक ही चरण में एग्जाम लिया जाएगा. गुरुवार (27 अगस्त, 2026) को सम्राट चौधरी ने अपने एक्स हैंडल से पोस्ट कर इसकी जानकारी दी. बता दें कि पहले पीटी और मेंस की परीक्षा होनी थी. इसको लेकर छात्र विरोध कर रहे थे. एक्स पोस्ट के जरिए सीएम सम्राट ने कहा, "छात्रों की मांगों को लेकर सरकार शुरू से ही गंभीर रही है. अब छात्रों की मांगों के संबंध में निर्णय लिया गया है कि इस बार की ळफए-4 परीक्षा एकल चरण में आयोजित की जाएगी.

इसके साथ ही 9 अन्य महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए हैं." मुख्यमंत्री की ओर से कहा गया कि राज्य सरकार ने विभिन्न परीक्षाओं में सुधार के लिए अनुशंसाएं देने के लिए "परीक्षा सुधार पर एक विशेषज्ञ समिति" का गठन किया है

## महाराष्ट्र में भाषा विवाद पर बड़ी राहत

**महाराष्ट्र**

**महाराष्ट्र** में गैर-मराठी ऑटो-रिक्शा और टैक्सी ड्राइवरों को बातचीत के लिए मराठी सीखने के लिए एक साल की मोहलत मिल गई है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने लाइसेंस और परमिट रद्द करने की प्रस्तावित नीति को फिलहाल रोक दिया है।

यह फैसला ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर प्रताप सरनाईक के उस ऐलान के कुछ दिनों बाद आया है जिसमें कहा गया था कि जो ड्राइवर मराठी नहीं बोल सकते, उनके लाइसेंस और परमिट रद्द किए जा सकते हैं। फडणवीस ने अब ड्राइवरों को एक साल का अतिरिक्त समय दिया है और कहा





है कि इस दौरान भाषा की शर्त को लेकर उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि ऑटो-रिक्शा और टैक्सी ड्राइवरों के संगठनों के प्रतिनिधि उनसे मिले थे और ड्राइवरों को मराठी सीखने के लिए एक साल का अतिरिक्त समय देने की मांग की थी। उनकी मांग मानते हुए सरकार ने उन्हें यह अतिरिक्त समय देने का फैसला किया।

मुंबई में ऑटो ड्राइवरों की तीन दिन की हड़ताल

महाराष्ट्र सरकार ने यह फैसला तब लिया, जब मुंबई में ऑटो-रिक्शा ड्राइवरों ने मराठी भाषा से जुड़े आदेश के विरोध में 24 अगस्त से तीन दिन की हड़ताल शुरू की थी। ड्राइवरों का कहना था कि वे मराठी सीखने के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन उन्हें इस जरूरत को पूरा करने के लिए पर्याप्त समय दिए बिना सजा दिए जाने पर आपत्ति है। कुछ ड्राइवरों ने, जिनमें 55-60 साल के वे लोग भी शामिल थे जिन्होंने कभी स्कूल की पढ़ाई नहीं की थी, यह सवाल उठाया कि वे इतनी जल्दी भाषा कैसे सीख सकते हैं। एक ड्राइवर ने कहा कि वे टूटी-फूटी मराठी बोलने की कोशिश कर रहे थे।

## उज्बेकिस्तान-किर्गिस्तान दौरे पर पीएम मोदी



**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी 29-30 अगस्त को द्विपक्षीय यात्रा पर उज्बेकिस्तान और 31 अगस्त से 1 सितंबर 2026 तक 26वें रउड शिखर सम्मेलन के लिए किर्गिज गणराज्य का दौरा करेंगे। उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव के निमंत्रण पर, पीएम मोदी 29-30 अगस्त 2026 को ताशकंद की राजकीय यात्रा करेंगे। यह प्रधानमंत्री की उज्बेकिस्तान की चौथी यात्रा होगी। इस यात्रा के दौरान, वे दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए राष्ट्रपति मिर्जियोयेव के साथ प्रतिनिधिमंडल-स्तर की बातचीत करेंगे। विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने गुरुवार को पीएम मोदी की उज्बेकिस्तान और किर्गिज गणराज्य की आगामी यात्रा पर विदेश मंत्रालय की एक विशेष ब्रीफिंग को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि बिश्केक में होने वाले आगामी नेताओं के शिखर सम्मेलन के कार्यक्रम में 31 अगस्त को स्वागत रात्रिभोज (वेलकम डिनर) शामिल होगा, जिसके अगले दिन शिखर सम्मेलन का पूर्ण सत्र (प्लेनरी) होगा, जिसमें प्रधानमंत्री अपना संबोधन देंगे।

मोदी बिश्केक में छठे वर्ल्ड नोमैड गेम्स में शामिल होंगे

उन्होंने कहा कि समिट के दौरान कई द्विपक्षीय बैठकों की भी योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा बिश्केक में, ढट मोदी के रउड सदस्य देशों के अन्य नेताओं के साथ छठे वर्ल्ड नोमैड गेम्स के उद्घाटन समारोह में भी शामिल होने की उम्मीद है। दोनों नेता व्यापार और निवेश, रक्षा, डिजिटल कनेक्टिविटी, ऊर्जा, शिक्षा और लोगों के बीच आपसी संबंधों के क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा करेंगे और आगे की राह के लिए एजेंडा तय करेंगे।

वे 'विकसित भारत 2047' और 'उज्बेकिस्तान-2030' के साझा विकास विजन को आगे बढ़ाने पर भी अपने विचार साझा करेंगे।

## बिना चर्चा कोई बड़ा फैसला न लें

**नई दिल्ली**

कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर प्रस्तावित परिसीमन प्रक्रिया पर चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाने का अनुरोध किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राजनीतिक दलों और राज्य सरकारों को प्रस्तावों की विस्तार से समीक्षा करने के लिए पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए। गुरुवार को लिखे अपने पत्र में, खड़गे ने 16 जुलाई, 2026 को की गई अपनी पिछली अपील का ज़िक्र किया।

### पंजाब में सीएम की पहली पसंद पर सर्वे में बड़ा दावा

## भगवंत, चन्नी, राघव चड्ढा या बादल?

**पंजाब**

**चुनाव** आयोग ने अभी चुनाव का बिगुल नहीं बजाया है, लेकिन पंजाब 2027 की लड़ाई शुरू हो चुकी है। फर्क बस इतना है कि यह लड़ाई अभी वोटरों तक नहीं पहुँची है। फि लहाल, यह लड़ाई राजनीतिक पार्टियों के अंदर ही लड़ी जा रही है। लेकिन इस शुरूआती हलचल में एक दिलचस्प बात है। इस चरण में, पंजाब की राजनीतिक पार्टियाँ सिर्फ. वोटरों को मनाने की कोशिश नहीं कर रही हैं। वे सबसे पहले अपने कार्यकताओं में जोश भरने, उन्हें अनुशासित



करने और कुछ मामलों में उन्हें फिर से एकजुट करने की कोशिश कर रही हैं। पार्टियों के बड़े राष्ट्रीय नेता पंजाब का दौरा कर रहे हैं, बूथ कमेटियाँ सक्रिय हो रही हैं, रैलियाँ फिर से शुरू हो रही हैं और संगठनात्मक बैठकें तेजी से हो रही हैं। चुनाव में भले ही अभी कुछ समय बाकी हो, लेकिन असल चुनावी अभियान से पहले की तैयारी शुरू हो चुकी है। हो सकता है कि यही पंजाब 2027 की पहली असली लड़ाई हो। वोट वाइब के स्टेट वाइब सर्वे में इस सवाल पर लोगों से राय ली गई।सवाल के जवाब में लोगों ने अपनी राय देते हुए पंजाब में मुख्यमंत्री की पहली पसंद सीएम भगवंत मान को बताया है।

पंजाब में सीएम की कुर्सी के लिए किसकी दावेदारी कितनी मजबूत?

पंजाब में मुख्यमंत्री पद की रेस में भगवंत मान शीर्ष पर बने हुए हैं, जबकि 20.6 फीसदी समर्थन के साथ पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी दूसरे स्थान पर हैं। वहीं, शिरोमणि अकाली दल के सुखबीर सिंह बादल 11.7 फीसदी लोगों की पसंद बनकर तीसरे नंबर पर मौजूद हैं। बीजेपी नेता केवल सिंह ढिल्लों को 6.1 फीसदी और पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग को 5.3 फीसदी लोग सीएम पद पर देखना चाहते हैं। सके अलावा, आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को 1.8 फीसदी, सुखजिंदर सिंह रंधावा को 0.6 फीसदी और बीजेपी के सुनील जाखड़ को महज 0.5 फीसदी लोगों का समर्थन मिला है।

## कांटे की टक्कर में योगी को पछाड़ रहे अखिलेश! UP के सर्वे ने चौंकाया

**उत्तर प्रदेश**

**अगले** साल की शुरूआत में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों से पहले आरक्षण और जाति की राजनीति को लेकर बयानबाजी तेज हो गई है। हाल ही में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक की आरक्षण-विरोधी युवाओं से बातचीत और सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा राहुल गांधी की मनुस्मृति पर की गई टिप्पणी पर सवाल उठाने के बाद, यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि क्या भारतीय जनता पार्टी अपने मुख्य वोटरों का समर्थन खोने को लेकर चिंतित है। विपक्षी पार्टियों का कहना है कि चुनावों से पहले



जातिगत समीकरणों को साधने की कोशिशें तेज हो गई हैं। समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और कांग्रेस ने इखढ से आरक्षण और सामाजिक न्याय पर अपना रुख साफ करने को कहा है।

साल 2027 में उत्तर प्रदेश की सत्ता किसके हाथ होगी, इसका मिजाज जनता ने साफ करना शुरू कर दिया है। 'वोट वाइब' के ताजा 'स्टेट वाइब सर्वे' में सामने आया है कि यूपी की जनता इस बार सूबे की कमान किस नेता को सौंपना चाहती है। सर्वे के आंकड़ों पर नजर डालें तो मुकाबला बेहद दिलचस्प और कांटे की टक्कर का दिख रहा है। 41.1 फीसदी जनता का मानना है कि बीजेपी के नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन बाजी मारेगा, जबकि 41.2 फीसदी लोगों का भरोसा अखिलेश यादव की अगुवाई वाले 'इंडिया' गठबंधन पर है।

रिजर्वेशन सिस्टम के खिलाफ चल रहे अभियान के बीच, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि राहुल गांधी को पहले देश की परंपराओं और विरासत को समझना चाहिए।

## रूस में जयशंकर ने की ऐसी ताबड़तोड़ मीटिंग

### आनन-फानन में यूक्रेन ने मिलाया फोन

**रूस**

**भारत के** विदेश मंत्री एस जयशंकर रूस के दौरे पर गए। तस्वीरें सामने आई। व्लादमीर पुतिन से मुलाकात हुई। कई अहम विषयों पर दोनों देशों के बीच एक दूसरे से बात हुई। इसको लेकर लगता है कि यूक्रेन बेचैन हो गया और तभी तो भारत के विदेश मंत्री और यूक्रेन के विदेश मंत्री के बीच फोन पर बातचीत हुई। यूक्रेन के विदेश मंत्री ने जानकारी दी कि उनकी भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ फोन पर बात हुई है। यूक्रेनी विदेश मंत्री का कहना है कि उन्होंने यूक्रेन के खिलाफ रूस की आक्रामकता, उनके बंदरगाहों और समुद्री रास्तों पर बढ़ते हमलों के कारण ब्लैक सी में बनी हुई स्थिति के बारे में जयशंकर को जानकारी दी है। यूक्रेनी विदेश मंत्री का कहना है कि वह इस बात पर जोर दे रहे थे कि यूक्रेन से होने वाले खाद्य निर्यात में बाधा डालने की रूस की कोशिश वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लिए



सबसे बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा कि इसका असर हमारे इलाके से कहीं आगे तक जाता है और उनका दावा है कि दुनिया भर में लाखों परिवार के लिए इसके कारण जोखिम पैदा होता है। यूक्रेनी विदेश मंत्री का दावा है कि हमने ब्लैक सी में नेविगेशन की आजादी को बहाल करने और सुरक्षित बनाने के तरीकों पर चर्चा की है। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि यूक्रेन और भारत के बीच आपसी सहयोग को बढ़ाने और हमारे आपसी फायदे वाले एजेंडे को आगे ले जाने के तरीकों पर बातचीत हुई है। यूक्रेन का कहना है कि हम अपनी आने वाली मुलाकातों और बातचीत के बारे में तालमेल बिठा रहे हैं और लगातार संपर्क में बने रहने पर सहमत हुए हैं। वहीं भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर की तरफ से भी जानकारी सामने आई कि उनके समकक्ष यूक्रेनी विदेश मंत्री के साथ उनकी फोन पर अच्छी बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि मुख्य रूप से ब्लैक सी में व्यापार फिर से शुरू करने और सभी नाविकों और कमर्शियल शिपिंग की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर बातचीत केंद्रित रही।

# एडीएम वित्त एवं राजस्व विनीता सिंह ने तहसील कोराव का किया औचक निरीक्षण

## व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के दिए निर्देश

**अखंड भारत संदेश**



**कोराव, प्रयागराज।** प्रयागराज की एडीएम फाइनेंस विनीता सिंह ने शुक्रवार को तहसील कोराव का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तहसील परिसर के विभिन्न कार्यालयों का जायजा लिया। एसडीम कोराँव ठाकुर प्रसाद किसी कार्यवाश अनुपस्थित रहे, श्रीमती सिंह एडीएम ने आपूर्ति निरीक्षक कार्यालय का निरीक्षण किया, कार्यालय की साफ-सफाई व्यवस्था देखी। इसके बाद उन्होंने अभिलेखागार का निरीक्षण किया और पुराने रिकॉर्डों के रखरखाव की स्थिति पर जानकारी ली।

इसके अलावा उन्होंने तहसील में लगे एलसीडी टीवी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के संचालन, कार्यालयों में फाइलों के रख रखाव और परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुछ जगहों पर मिली छोटी-मोटी कमियों को लेकर उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए। एडीएम ने तहसील में लंबित वादों की जानकारी लेते हुए कहा कि किसी भी फाइल को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए और सभी वादों का समयबद्ध और निष्पक्ष रूप से निस्तारण किया जाए, ताकि आम जनता को अनावश्यक परेशानी न हो। उन्होंने बाढ़ से सम्बंधित कृत कार्यवाहियों की भी जानकारी ली, इस अवसर पर तहसीलदार कोराव रोशनी सोलंकी, नायब तहसीलदार रणविजय सिंह, राममूरत सहित तहसील के समस्त अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



बरम मोरी में नाला खोदकर जलनिकासी कराते कर्मचारी, मौके पर मौजूद एसडीएम संदीप तिवारी

## एसडीएम करछना ने नाला खोदवाकर जलभराव से दिलाई राहत

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** घोड़ेडेह गांव के मजरा बरम मोरी में जलभराव से परेशान ग्रामीणों को नाला खोदकर पानी की निकासी कराए जाने के बाद राहत मिली। यहां 100 से अधिक घरों में बारिश का पानी भर गया था, जबकि खेतों में खड़ी फसलें भी जलमग्न हो गई थीं। सूचना पर प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर नाला खुदवाकर जलनिकासी शुरू कराई। एसडीएम करछना संदीप तिवारी ने मौके पर पहुंचकर कार्य का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से समस्या की जानकारी ली। पानी निकलने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। ग्रामीणों ने बताया कि हर बारिश में जलभराव की समस्या होती है। उन्होंने स्थायी जलनिकासी व्यवस्था कराने की मांग की।

## न्यूज झरोखा

## निपुण भारत के लक्ष्यों को प्राथमिकता देकर शिक्षण कार्य में लाएं तेजी : बी ई ओ




**सहसों।** विकास खंड सहसों में गुरुवार को खंड शिक्षा अधिकारी वरुण मिश्रा की अध्यक्षता में एआरपी एवं प्रधानाध्यापकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में निपुण भारत के निर्धारित लक्ष्यों को प्राथमिकता देते हुए विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों को पाठ्यक्रम के अनुरूप नियमित शिक्षण कार्य कराने, कार्य पुस्तिकाओं का प्रभावी प्रयोग करने तथा समय-सारिणी का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालयों में प्रतिदिन खेलकूद गतिविधियां कराने, बाल वाटिका एवं बाल विज्ञान कांग्रेस में बच्चों की सहभागिता बढ़ाने तथा दीक्षा एप, रीड अलॉन्ग और स्मार्ट क्लास का नियमित उपयोग करने पर विशेष जोर दिया। बैठक में एनबीएमसी पोर्टल पर विद्यालयों की गतिविधियों से संबंधित प्रविष्टियां समय से पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि बच्चों की शैक्षिक प्रगति के साथ-साथ उनकी रचनात्मक एवं व्यावहारिक क्षमताओं के विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। इसके बाद प्राथमिक विद्यालय थानापुर में समेकित शिक्षा के तहत पेरेंट्स काउंसलिंग सत्र आयोजित किया गया। इसमें दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को जागरूक करते हुए बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने और शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। फिजियोथेरेपिस्ट एवं विशेष शिक्षक ने दिव्यांग बच्चों की शैक्षिक एवं शारीरिक आवश्यकताओं के संबंध में अभिभावकों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस अवसर पर एआरपी महेश प्रताप, कमल सिंह, मनोज कुमार, उर्मिला सिंह, धीरेन्द्र कुमार, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. राजेश कुमार यादव, प्रधानाध्यापिका गिरजा देवी, सुधा सिंह, सहायक अध्यापक संतोष कुमार जायसवाल, शिक्षामित्र अजीत प्रताप सिंह एवं लवलेश कुमार शुक्ला सहित दिव्यांग बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।

## भाजपा यमुना पार के निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष के पिता के निधन पर भाजपाइयों ने शोक जताते हुए उन्हें दी भावभीनी श्रद्धांजलि



**करछना।** क्षेत्र के सोनाई गांव निवासी इलाके के वरिष्ठ समाजसेवी, इंटर कॉलेज, पीजी कॉलेज व प्रयाग इंजीनियरिंग कॉलेज के संस्थापक रहे निवर्तमान भाजपा यमुनापार के जिला उपाध्यक्ष ज्ञान सिंह पटेल के 94 वर्षीय पिता छोटेलाल सिंह का गत दिवस निधन हो गया। जिससे परिजन सहित भाजपाई लोगों के अलावा शिक्षा जगत से जुड़े लोग शोकाकुल हैं। लोगों की ओर से जगह-जगह शोक सभाए करके उनकी मृतात्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की जा रही है। साथ ही साथ उनके पैतृक आवास पर पहुंच कर लोगों की ओर से जहां शोक संवेदना व्यक्त की जा रही है। वही उनके छायाचित पर श्रद्धा सुमन अर्पित करके उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि भी अर्पित की जा रही है। और लोगों की ओर से उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला जा रहा है। भाजपा यमुना पार के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ल ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि छोटेलाल सिंह पटेल ग्रामीण क्षेत्रों में कई स्कूलों व कॉलेजो की स्थापना करा कर के शिक्षा के क्षेत्र में उनका विशेष योगदान रहा। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए लोगों में भाजपा यमुना पार जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ल, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी, सांसद फूलपुर प्रवीण पटेल, पूर्व जिला अध्यक्ष विनोद प्रजापति ,विभव नाथ भारती, निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद पांडेय , अनिरुद्ध सिंह पटेल जिला महामंत्री गंगापार, पुष्पराज पटेल,जय सिंह पटेल,संतोष त्रिपाठी,रईश चन्द्र शुक्ल,अमरेश तिवारी,देवी सिंह पटेल, राकेश पांडेय, भाजपा मंडल अध्यक्ष करछना सुखराज पटेल सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## रक्षाबंधन को लेकर नैनी के बाजारों में बढ़ी रौनक



**नैनी।** नैनी क्षेत्र के बाजारों में रक्षाबंधन पर्व को लेकर रौनक बढ़ गई है। फुटपाथ से लेकर दुकानों तक राखी, उपहार, मिठाई और कपड़ों की दुकानों पर खरीदारों की चहल-पहल दिखाई दे रही है। गुरुवार सुबह से ही लोग परिवार के साथ खरीदारी के लिए बाजार पहुंचने लगे। इस बार बाजार में देसी और पारंपरिक राखियों की मांग अधिक है। मोती, रुद्राक्ष और पारंपरिक भारतीय डिजाइन वाली राखियां खरीदारों को आकर्षित कर रही हैं। दुकानदार प्रिंस, बबलू गुप्ता, अंकित और बेटू चौरसिया ने बताया कि बाजार में पांच रुपये से लेकर 500 रुपये तक की राखियां उपलब्ध हैं। रक्षाबंधन को देखते हुए उपहार, कपड़े और मिठाई की दुकानों पर विशेष पैकेज भी तैयार किए गए हैं। मिठाई के साथ चॉकलेट, नमकीन और मेवा के संयुक्त उपहार पैकेट की मांग बढ़ी है। दुकानदारों को पर्व के दौरान अच्छी बिक्री की उम्मीद है। हालांकि, गुरुवार शाम हुई बारिश से बाजार की रौनक कुछ प्रभावित हुई। देर शाम तक बारिश जारी रहने से दुकानदारों और खरीदारों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश थमने के बाद लोगों ने दोबारा बाजार का रुख किया और देर शाम तक खरीदारी का सिलसिला जारी रहा।

# रक्षाबंधन पर छात्राओं ने बांधी राखी प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा

**अखंड भारत संदेश**





**शंकरगढ़, प्रयागराज।** पंखा टोला स्थित कैम्ब्रिज हाईस्कूल एंड कॉलेज में गुरुवार को रक्षाबंधन पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान रक्षाबंधन से जुड़ी विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं। बच्चों ने राखी और रक्षाबंधन कार्ड बनाकर अपनी रचनात्मकता दिखाई।

छात्राओं ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी और मिठाई खिलाकर उनकी लंबी उम्र की कामना की। प्रतियोगिता में नित्या केसरवानी, साक्षी सिंह, वंशिका सिंह, साइना खान, तृषिका केसरवानी, वाशू सिंह, आलिया खान, अवनी सिंह और स्नेहा त्रिपाठी समेत अन्य विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

प्रशासनिक अधिकारी बालेंद्र पांडेय ने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के प्रेम, विश्वास और आपसी स्नेह का पर्व है। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्व के सामाजिक और पारिवारिक महत्व की जानकारी दी। प्रबंधक संतोष त्रिपाठी ने सभी को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम में मनी शंकर दुबे, मनोज तिवारी, इमरान अहमद, दीपक केसरवानी, धर्मराज कुशवाहा, पंकज श्रीवास्तव, सौरभ प्रकाश, पंकज मिश्रा, रमाशंकर मिश्रा, अखिलेश पांडेय, नरेश श्रीवास्तव, राजेश गोस्वामी, रीना गोस्वामी, वंदना शुक्ला, रीतू सुसारी, सिम्मी गुप्ता, मधु केसरवानी, प्रीति सेन, निहारिका सेन, पूनम द्विवेदी, अंजू गुप्ता, सीमा सिंह, कोमल त्रिपाठी, आभा मिश्रा, रेखा सिंह और रूचि शुक्ला मौजूद रहीं।

# विद्यार्थियों की आंखों का हुआ टेस्ट, कमजोर नजर वालों को मिलेंगे निःशुल्क चश्मे

**अखंड भारत संदेश**




**शंकरगढ़, प्रयागराज।** विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को लेकर शंकरगढ़ क्षेत्र में तीन दिवसीय नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। एनएसके इंटर कॉलेज में 25 से 27 अगस्त तक चले शिविर का गुरुवार को समापन हुआ। शिविर में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की आंखों की जांच की गई। जांच के दौरान दृष्टि संबंधी समस्या सामने आने वाले विद्यार्थियों को निःशुल्क चश्मे उपलब्ध कराए जाएंगे।चित्रकूट स्थित सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय की चिकित्सकीय टीम ने विद्यार्थियों की आंखों की जांच आधुनिक उपकरणों के माध्यम से की। चिकित्सकों ने विद्यार्थियों को आंखों की देखभाल से संबंधित जरूरी जानकारी भी दी। जांच के दौरान जिन बच्चों की नजर कमजोर पाई गई या अन्य दृष्टि संबंधी समस्या सामने आई, उनके लिए आगे चश्मा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाएगी।चिकित्सकों ने विद्यार्थियों को मोबाइल, टीवी, कंप्यूटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक स्क्रीन का लगातार अधिक समय तक इस्तेमाल करने से बचने की सलाह दी। साथ ही पर्याप्त रोशनी में पढ़ाई करने, आंखों को समय-समय पर आराम देने और हरी सब्जियों समेत पौष्टिक आहार को दैनिक भोजन में शामिल करने के लिए जागरूक किया।शिविर के समापन अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक संतोष त्रिपाठी ने चिकित्सकीय टीम का आभार जताते हुए कहा कि विद्यार्थियों की आंखों की समय पर जांच होने से दृष्टि संबंधी समस्याओं का पता लगाने में मदद मिलेगी। प्रधानाचार्य प्रताप बहादुर सिंह ने भी नेत्र परीक्षण टीम के सहयोग की सराहना की।शिविर के दौरान विद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी व्यवस्थाओं में सहयोग करते रहे। इस अवसर पर विजय शंकर मिश्र, ज्ञानेंद्र मिश्रा, अशोक त्रिपाठी, उत्तम सिंह बघेल, संदीप सिंह, राजेश सिंह, अनिल, प्रदीप मिश्रा, सुमेश शुक्ला, कमलाकर सिंह, पुष्पराज सिंह, एलएन वर्मा, शिवेंद्र सिंह, कामिनी सिंह, अनीता सिंह, अर्चना सिंह, माया सिंह और प्रतिमा सिंह सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## अमन चौबे का कनिष्ठ सचिवालय सहायक पद पर चयन



**धनूपुर।** चिलरा शुकुलपुर, धनूपुर के निवासी लक्ष्मीकांत चौबे के पुत्र अमन चौबे का चयन केंद्रीय सचिवालय में कनिष्ठ सहायक के पद पर हुआ है। इनके चयन पर परिजन, ग्रामवासी, क्षेत्रवासियों ने क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए बधाई और आशीर्वाद दिया है और उज्जवल भविष्य की कामना किया है। बधाई देने वालों में अमरेश पहलवान हंडिया केशरी, चंदू चौबे, मुकुंद चौबे, नीरज चौबे, ओमप्रकाश चौबे, बबलू चौबे, मुन्ना चौबे, सुरेंद्र चौबे, सूरज चौबे, पंकज चौबे, विकास चौबे, पिंटू शुक्ला, गुलाब शुक्ला, जयशंकर शुक्ल,राघवेंद्र शुक्ला, पुष्पेंद्र शुक्ला, सुनील शुक्ला, विजेंद्र पांडेय, श्रीराम मिश्रा, मंगेश पांडेय, सर्वेश दुबे, सालिकराम दुबे आदि लोग शामिल रहे।

# सैदाबाद क्षेत्र में अकीदत और एहतराम के साथ निकाला गया जुलूस-ए-मोहम्मदी, गूंजे नात-ए-पाक के तराने

**अखंड भारत संदेश**



**उतरांव।** जनपद प्रयागराज के उतरांव थाना क्षेत्र के इनायत पट्टी, सैदहां, मोतिहां बसगीत के दरिया पट्टी और उस्मापुर समेत विभिन्न ग्रामीण इलाकों में बुधवार को जुलूस-ए-मोहम्मदी बेहद शानो-शौकत, अकीदत और एहतराम के साथ निकाला गया। पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के यौम-ए-पैदाइश (ईद-मिलादुन्नबी) के मुकद्दस मौके पर आयोजित इस नूरानी जुलूस में पूरा क्षेत्र ₹लब्बैक या रसूल अल्लाह₹ और ₹सरकार की आमद मरहबा₹ के नारों से गुंजायमान हो उठा।

जुलूस की शुरूआत निर्धारित समय पर तयशुदा रास्तों से हुई। विभिन्न गांवों से निकले जुलूस के छोटे-छोटे काफिले रास्ते में जुड़ते गए, जिसने आगे चलकर एक विशाल जनसैलाब का रूप ले लिया। जुलूस में शामिल अकीदतमंदों (श्रद्धालुओं) ने अपने हाथों में इस्लामी परचम और खूबसूरत बैनर थाम रखे थे।

इस रूहानी मौके पर आखिरी नबी हजरत मोहम्मद साहब की शान में एक से बढ़कर एक नात शरीफ, दरूद शरीफ और मनकबत पेश की गई। नातख्वाओं ने अपनी पुरखुलूस आवाज में बारगाह-ए-रिसालत में नजराना-ए-अकीदत पेश किया, जिसे सुनकर माहौल पूरी तरह आध्यात्मिक और मुअत्तर हो गया।

इस जुलूस-ए-मोहम्मदी में बच्चों, नौजवानों और बुजुर्गों ने भारी संख्या में शिरकत की। जुलूस के दौरान जगह-जगह अकीदतमंदों के लिए लंगर और ठंडे पानी का मुकम्मल इंतजाम किया गया था। गांव के सामाजिक कार्यकताओं और गणमान्य लोगों ने जुलूस को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाई।अशद अहमद सुहेल,

जुलूस अपने पारंपरिक रास्तों से गुजरता हुआ शांति और भाईचारे का संदेश देकर संपन्न हुआ। इस अवसर पर उलेमाओं ने पैगंबर साहब की तालीमात, उनके द्वारा दिखाए गए अमन, मोहब्बत, और इंसानियत के रास्ते पर चलने का पैगाम दिया। अंत में मुल्क में अमन-चैन, खुशहाली और तरक्की के लिए खास दुआएं मांगी गईं।

इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रतापपुर से भावी विधायक प्रत्याशी एवं रेड ईगल पब्लिक स्कूल एवं कॉलेज के प्रबंधक सर्वेश पांडे ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई गनी, साकिर, अर्श, उमर, अदियान, हुसैन, नौशाद अली सुफियान इरशाद अहमद नौशाद खान आदिल, कैफी ,तौसीफ, राजा, विनोद कुमार यादव, इरशाद, आदि लोग उपस्थित रहे।

# राखी और मिठाई की दुकानों पर उमड़ी खरीदारों की भीड़, बाजार में रही चहल-पहल



**सहसों।** भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व नजदीक आते ही त्योहार के एक दिन पूर्व सहसों बाजार, चिरौड़ा, रामनगर, चंदौहां सहित आसपास के प्रमुख बाजारों में रौनक बढ़ गई है। बाजारों में राखी, मिठाई एवं पूजा सामग्री की दुकानें आकर्षक ढंग से सजाई गई हैं। खरीदारी के लिए दिनभर लोगों की भीड़ उमड़ रही है, जिससे बाजार में काफी चहल-पहल देखने को मिल रही है। रक्षाबंधन को लेकर बहनें अपने भाइयों के लिए तरह-तरह की रंग-बिरंगी और आकर्षक राखियां खरीद रही हैं। वहीं, मिठाई की दुकानों पर भी कई प्रकार के लिज्जतदार बेहतरीन मिष्ठान खरीदने के लिए ग्राहकों की भीड़ लगी रही। दुकानदारों ने पर्व को देखते हुए विभिन्न प्रकार की मिठाइयों की विशेष तैयारी की है। बाजार में खरीदारी करने पहुंचे लोगों की भीड़ के कारण दुकानदारों के चेहरे पर भी खुशी नजर आ रही है।

पर्व को लेकर बच्चों में भी खासा उत्साह है। लोग राखी, मिठाई, फल और अन्य पूजन सामग्री की खरीदारी में जुटे हुए हैं। रक्षाबंधन पर्व को लेकर बाजारों में बढ़ी चहल-पहल से त्योहारी माहौल बना हुआ है। वहीं अच्छी दुकानदारी का कयाश लगाते दुकानदार सोहन लाल केसरवानी, रमेश पाल, अजय कुमार गुप्ता, विनय केसरवानी एवं प्रहलाद मोदनवाल आदि का कहना है कि अगर मौसम साफ रहा तो त्योहारी बाजार गर्म है और अच्छी बिक्री की उम्मीद है।

## नैनी यार्ड में ट्रेन से गिरकर किशोर की मौत

**नैनी।** नैनी रेलवे स्टेशन यार्ड में गुरुवार सुबह ट्रेन से गिरकर 16 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 27 अगस्त को सुबह किलोमीटर संख्या 818/09-11 के पास ट्रेन संख्या 11055 गोदान एक्सप्रेस से यात्रा के दौरान एक किशोर गिर गया। वह ट्रेन के चपेट मे आकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वही मृतक की पहचान विशाल पुत्र रामपाल निवासी ऊंचाहार सावापुर मजरे नेवादा रायबरेली उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। उसकी उम्र करीब 16 वर्ष बताई गई है। ट्रेन से गिरने के बाद किशोर की मौके पर ही मृत्यु हो गई। सूचना मिलने पर संबंधित अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। वही नैनी जीआरपी ने शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिये एसआरएन अस्पताल भेज दिया। वही घटना की जानकारी परिजनो को दे दी गई है।

# राखियों और सजी थालियों से सजा स्कूल, बच्चों ने दिखाई रचनात्मकता

**अखंड भारत संदेश**






**शंकरगढ़, प्रयागराज।** रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर शंकरगढ़ स्थित न्यू चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा और सांस्कृतिक रंग देखने को मिला। स्कूल परिसर में राखी बनाने और थाली सजावट समेत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बच्चों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग करते हुए अपनी कला और हुनर का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिताओं के दौरान बच्चों ने रंग-बिरंगी राखियां तैयार कीं और आकर्षक ढंग से पूजा की थालियां सजाईं। सुंदर राखियों और सजी हुई थालियों से पूरा परिसर उत्सवमय नजर आया। बच्चों ने भाई-बहन के प्रेम, आपसी स्नेह और रक्षाबंधन के महत्व से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

थाली सजावट प्रतियोगिता में आंचल सिंह ने प्रथम, अनुप्रिया सिंह ने द्वितीय और एंजल गुप्ता ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं राखी प्रतियोगिता में अंकिता पटेल प्रथम, रौनक पाल द्वितीय और रक्षा सिंह तृतीय स्थान पर रहीं। विजेता विद्यार्थियों के साथ प्रतिभाग करने वाले अन्य बच्चों का भी उत्साहवर्धन किया गया।कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता और कला के जरिए भारतीय संस्कृति से जुड़े पर्व की खूबसूरती को प्रस्तुत किया। शिक्षकों ने बच्चों को रक्षाबंधन के महत्व और भाई-बहन के रिश्ते की भावनात्मक मजबूती के बारे में भी जानकारी दी।

विद्यालय के प्रबंधक प्रकाश चंद्र मिश्रा ने विद्यार्थियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों में रचनात्मकता के साथ संस्कार और भारतीय संस्कृति के प्रति जुड़ाव बढ़ाने में सहायक होते हैं। उन्होंने प्रतियोगिताओं में उत्साह के साथ भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

# स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा में डीएम सख्त, कम संस्थागत प्रसव पर अधिकारियों को नोटिस

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने स्वास्थ्य योजनाओं की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। संगम सभागार में हुई बैठक में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, जननी सुरक्षा योजना, आयुष्मान कार्ड, टीकाकरण, परिवार कल्याण समेत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा में जुलाई तक लक्ष्य के मुकाबले महज 22.37 प्रतिशत संस्थागत प्रसव होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। रामनगर, बहादुरपुर, सैदाबाद, मांडा, भगवतपुर, बहरिया, धनुपुर और होलागढ़ में कम प्रसव पर संबंधित चिकित्सा अधीक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कई माह से शून्य प्रसव कराने वाली आशा कार्यकताओं को भी चिह्नित कर नोटिस देने और सुधार न होने पर कार्रवाई के निर्देश दिए। कोरांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जुलाई में केवल 10 सिजेरियन प्रसव होने पर जिलाधिकारी ने उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को समय से चिह्नित कर आवश्यकतानुसार सुरक्षित सिजेरियन प्रसव की सुविधा उपलब्ध कराने को कहा। जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थियों के भुगतान की प्रगति 79.43 प्रतिशत मिलने पर उन्होंने इसे बढ़ाकर कम से कम 90 प्रतिशत करने के निर्देश दिए। आयुष्मान योजना की समीक्षा में निजी अस्पतालों में विशेष शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाने और प्रत्येक निजी अस्पताल में प्रतिदिन कम से कम एक कार्ड बनाने की व्यवस्था करने को कहा गया। कम प्रगति वाले क्षेत्रों में राशन वितरण के दौरान पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड और आभा पहचान पत्र बनवाने के निर्देश दिए गए। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम में वाहनों की उपलब्धता में लापरवाही पर जिलाधिकारी ने संबंधित सेवा प्रदाता के खिलाफ कार्रवाई कर उसे काली सूची में डालने और नई व्यवस्था के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने सरकारी अस्पतालों में सफाई, चिकित्सकों की समय से उपस्थिति और पर्याप्त दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में किसी तरह की लापरवाही न बरतने की चेतावनी दी।

## ईशा आर डी पी स्कूल एण्ड कालेज में छात्राओं ने बांधी राखी



**फूलपुर।** बाबूगंज स्थित ईशा आर डी पी स्कूल एण्ड कालेज में गुरुवार को रक्षाबंधन पर्व को लेकर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय की छात्राओं ने छात्रों को तिलक लगाकर,उनकी कलाई पर राखी बांधी और मिठाई खिलाकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। छात्रों ने भी बहनों की रक्षा और हर परिस्थिति में उनका साथ देने का संकल्प लिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापिका नीलम पाल ने बताया कि प्रत्येक वर्ष रक्षाबंधन से पूर्व विद्यालय में बच्चों द्वारा यह पर्व मनाया जाता है जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों में बहन बेटियों के प्रति आदर व सम्मान की भावना को बनाए रखना एवं उनमें उच्च पारिवारिक, सामाजिक संस्कारों को विकसित करना है। विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं भाई-बहन के रूप में रक्षाबंधन मनाते हैं। इस अवसर पर भाई अपनी बहन की हर संकट से रक्षा करने का वचन देता है।

विद्यालय के प्रबन्धक विजय पाल ने स्वनिर्मित रंग बिरंगी राखियों की सराहना करते हुए सभी सहयोगी अध्यापक अध्यापिकाओं का आभार प्रकट करते हुए सभी छात्र छात्राओं को रक्षाबंधन की शुभकामना दी।

इस अवसर पर इंदु त्रिपाठी,पूजा गुप्ता,स्नेहा धुरिया,प्रतिभा पाण्डेय, संगीता पटेल, रौनक बानो, उपासना यादव, आयुषी सिंह, स्वेता मिश्रा,पूजा साहू, रवीना, बी राय, रोहित,जावेद, रमाकांत, सचिन गुप्ता, आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विनीत पाल ने किया।

## न्यूज झरोखा

### डॉ. सीताराम शर्मा का लंबी बीमारी के बाद निधनः मांडा क्षेत्र में शोक की लहर, लोकप्रिय चिकित्सक थे



**मांडा,प्रयागराज।** यमुनापार क्षेत्र के मांडा विकास खंड स्थित भरारी द्वितीय ग्राम पंचायत निवासी डॉ. सीताराम शर्मा (83) का गुरुवार दोपहर लगभग दो बजे लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। परिजनों के अनुसार, डॉ. शर्मा 26 नवंबर 2024 को लकवा (पैरालिसिस) की चपेट में आ गए थे। इसके बाद उनका लंबे समय तक इलाज चला, लेकिन स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार नहीं हो सका। अंततः उन्होंने 27 अगस्त 2026 को अंतिम सांस ली। डॉ. शर्मा अपने लंबे अनुभव, मृदुभाषी व्यवहार और सरल स्वभाव के कारण मांडा क्षेत्र के साथ-साथ आसपास के जिलों में भी काफी लोकप्रिय थे। वे विशेष रूप से फोड़ा-फुंसी सहित कई सामान्य बीमारियों का कम खर्च में उपचार कर लोगों को राहत पहुंचाते थे। उन्होंने अपने उपचार से अनेक जरूरतमंदों को महंगे इलाज और अनावश्यक खर्च से बचाया। और जिससे अपनी पहचान एक डॉक्टर के रूप कराया ' उनके निधन की खबर मिलते ही उनके आवास पर शोक संवेदना प्रकट करने वालों का तांता लग गया। क्षेत्र के लोगों ने उनके निधन को समाज के लिए एक अपूर्णीय क्षति बताया। बाद में उनका अंतिम संस्कार डेंगूरपुर, महेवा गंगा घाट पर किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में परिजन, शुभचिंतक और क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे। उनके निधन से परिवार और पूरे क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है।

### बारावफात के जुलूस में बेकाबू घोड़े ने मचाया हड़कंप, कई लोग घायल, व्यापार मंडल ने घटना की कड़ी निंदा कर जताया आक्रोश



**नैनी।** नैनी क्षेत्र में बुधवार को बारावफात के जुलूस के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक घोड़ा अचानक बेकाबू हो गया। नैनी बाजार से मेवालाल बगिया चौराहे के पास बेकाबू घोड़े ने हनुमान नगर निवासी एवं पूर्णिमा मेडिकल स्टोर के संचालक फतेह बहादुर कुशवाहा को टक्कर मारते हुए रौंद दिया। हादसे में उनके सिर में गंभीर चोट आई प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घोड़ा इसके बाद बाजार की ओर भागता चला गया और कई लोगों को चोटें आईं। इस दौरान कुछ दुकानों के साथ बाइक और स्कूटी में भी तोड़फोड़ हुई, जिससे बाजार में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद लोगों ने घायल फतेह बहादुर को चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई और पुलिस को सूचना दी। हादसे की जानकारी मिलने पर व्यापारी नेताओं ने अस्पताल पहुंचकर घायल का हालचाल जाना। घटना को लेकर व्यापारियों में खासा आक्रोश है। व्यापार मंडल के अध्यक्ष एवं पार्षद राकेश जायसवाल ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और बेकाबू जानवरों को लेकर पर्याप्त सावधानी बरती जानी चाहिए थी। इस मौके पर नैनी व्यापार मंडल के महामंत्री घनश्याम जायसवाल, धर्मराज पटेल, अमर बहादुर कुशवाहा, राजेश जायसवाल, ओम प्रकाश जायसवाल, नरेंद्र चौरसिया, राजेश शर्मा, राहुल जायसवाल, रामबाबू केसरवानी और माधव विश्वकर्मा समेत अन्य व्यापारी मौजूद रहे। सभी ने घटना की कठोर निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने की मांग की।

### जूडो में सर्वोदय विद्यालय की छह छात्राओं ने जीते स्वर्ण पदक




**प्रयागराज।** कौड़िहार स्थित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय (बालिका) विद्यालय की छात्राओं ने जूडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए छह स्वर्ण पदक अपने नाम किए। जनपद और मंडलीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के बाद सभी छह छात्राओं ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भी जगह बना ली है। विद्यालय की अंतिमा सरोज, आस्था तिवारी, दीपांजलि, अनुराधा, सुहानी और सन्नो ने अपने-अपने भार वर्ग में प्रतिद्वंद्वियों को मात देकर स्वर्ण पदक हासिल किया। प्रतियोगिता में छात्राओं के दमदार प्रदर्शन से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। स्वर्ण पदक जीतने वाली सभी छात्राएं अब राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में प्रयागराज का प्रतिनिधित्व करेंगी। प्रतियोगिता का आयोजन एक से 24 सितंबर तक सहारनपुर में किया जाएगा। विद्यालय के शिक्षकों ने छात्राओं को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए राज्य स्तर पर भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई।

### व्यापारियों की समस्याओं पर एडीएम सख्त, जाम-अतिक्रमण और जर्जर तारों के समाधान के निर्देश

**प्रयागराज।** व्यापारियों की समस्याओं के निस्तारण को लेकर गुरुवार को संगम सभागार में जिला व्यापार बंधु समिति की बैठक हुई। अपर जिलाधिकारी नगर सत्यम मिश्र की अध्यक्षता में हुई बैठक में व्यापार मंडलों के प्रतिनिधियों ने जाम, पार्किंग, अतिक्रमण, जल निकासी और बिजली से जुड़ी समस्याएं उठाईं। एडीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं का प्राथमिकता और समयबद्ध तरीके से समाधान कराने के निर्देश दिए। व्यापारियों ने मुंडेरा चुंगी स्थित ठंडी बीयर और अंग्रेजी शराब की दुकान को दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग रखी। इस पर एडीएम ने जिला आबकारी अधिकारी को मौके का दोबारा सत्यापन कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा। सहसों बाजार में जल निकासी की समस्या पर संबंधित विभाग को निरीक्षण कर जरूरी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। विद्युत संबंधी शिकायतों पर एडीएम ने विभागीय अभियंताओं को व्यापारियों की ओर से बताए गए मामलों की दोबारा जांच कर तत्काल समाधान कराने को कहा। पुराने बैरहाना में दुकान के सामने लगे ट्रांसफार्मर के पास अधिक आवागमन और बार-बार शॉर्ट सर्किट की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए विद्युत विभाग के नोडल अधिकारी को मौके का निरीक्षण कर सुरक्षा के जरूरी इंतजाम करने के निर्देश दिए। बैठक में शहर के कई मोहल्लों में जर्जर और लटकते बिजली के तारों की शिकायत भी सामने आई।

# निलंबन से आहत डिप्रेशन में आकर सफाई कर्मी ने ट्रेन के सामने लगाई छलांग, मौत

**ब्लॉक कर्मियों ने दो मिनट मौन रख कर शोक संवेदना व्यक्त किया**




**करछना, प्रयागराज।** विकास खंड करछना के अंतर्गत ग्राम पंचायत करछना मजरा करबाल का पुरा निवासी रमेश कुमार, जो बतौर सफाई कर्मी के पद पर तैनात था, ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली।

बताया जा रहा है कि कुछ दिन पूर्व कार्य में लापरवाही के चलते उसे निलंबित कर दिया गया था। निलंबन के बाद से वह डिप्रेशन में चला गया था। बीती रात वह अपने घर से निकलकर घर से करीब 1 किलोमीटर दूर स्थित दिल्ली-हावड़ा रेलवे लाइन पर पहुंचा और ट्रेन के सामने छलांग लगा दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी परिजनों को होते ही कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

घटना की सूचना ब्लॉक कर्मचारियों को मिली तो विकास खंड परिसर में 2 मिनट का मौन रखकर शोक संवेदना व्यक्त की गई।? शोक संवेदना व्यक्त करने वाले, एडीओ पंचायत करछना उदय भान, पुष्पेंद्रसिंह, मनीष शुक्ला, दिवाकर सिंह, गरिमा यादव सचिव, नेहा सचिव, अक्षत सिंह, डॉ राजकुमार पटेल प्रधान महोरी रीवं, सचिव फिरोज अहमद, प्रफुल्ल कुमार, प्रियमवदा पांडेय,शशी कांत,समर बहादुर, अरविंद कुमार,राज पांडे, सचिन यादव रोजगार सेवक संघ अध्यक्ष, दीपेश सिंह, आंनद कुमार सिंह ब्लाक कर्मी शामिल रहे।

## कल्चरल कॉम्प्लेक्स का काम सितंबर तक पूरा कराने के निर्देश

**प्रयागराज।** मंडलायुक्त डॉ. लोकेश एम. ने जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ऋषिराज और नगर आयुक्त साईं तेजा के साथ निमार्णाधीन कल्चरल कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण किया। प्रयागराज स्मार्ट सिटी से वित्तपोषित और विकास प्राधिकरण की ओर से कराए जा रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता परखी और अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने करीब 1500 दर्शकों की क्षमता वाले सभागार का निरीक्षण कर निर्माण कार्य हर हाल में सितंबर के अंत तक पूरा कराने को कहा। उन्होंने सभागार में आधुनिक सिनेमा हॉल जैसी सुविधाएं विकसित करने पर जोर दिया। सीटों की पंक्तियों पर स्पष्ट अंकन और क्रमांक की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभागार की आगे की दो पंक्तियों में संभव होने पर मोड़कर रखने वाली सीटें लगाने तथा बेहतर गुणवत्ता के पर्दे लगाने का सुझाव दिया। दर्शकों को बेहतर अनुभव देने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले कैमरे, प्रकाश और ध्वनि प्रणाली लगाने के साथ कैमरा कक्ष को आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित करने के निर्देश भी दिए।

## बकाया मानदेय व इपीएफ के भुगतान को लेकर रोजगार सेवकों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**फूलपुर।** बढ़ती महगाई में भी अल्प मानदेय में काम कर रहे रोजगार सेवकों ने अपने बकाया मानदेय व इपीएफ का भुगतान करने के लिए गुरूवार को प्रतापपुर ब्लाक में बैठक कर खण्ड विकास अधिकारी देवेन्द्र सिंह को ज्ञापन सौपा। ब्लाक अध्यक्ष विष्णु स्वर्णकार के नेतृत्व में जुटे रोजगार सेवकों ने रोजगार सेवकों की बद से बदतर स्तिथि के लिए अधिकारियो को जिम्मेदार ठहराया। ब्लाक अध्यक्ष विष्णु स्वर्णकार ने त्योहार पर भी बकाया मानदेय का भुगतान न होने पर अपनी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा की रोजगार सेवकों को प्रतिमाह मानदेय दिया जाए व ईपीएफ की धनराशि भी उनके यूएएन खाते मे ससमय जमा किया जाए। जिलाध्यक्ष अरुण यादव ने कहा कि अगर 15 दिनों के अंदर मानदेय का भुगतान नहीं होता है तो जनपद के रोजगार सेवक कार्य बंद करने के लिए बाध्य होंगें। बैठक मे चिंतामणि शर्मा, प्रमोद कुमार सुमन, जसलोक, अर्जुन, अखिलेन्द्र, आरती, कृष्णा देवी, महेंद्र कुमार,लालचंद्र, बिपिन, आदर्श, महेश, अनिल कुमार सहित अन्य रोजगार सेवक मौजूद रहे।

## सिटी मजिस्ट्रेट ने बारा तहसील का किया निरीक्षण, लंबित मुकदमों के निस्तारण के निर्देश



**बारा, प्रयागराज।** गुरुवार को सिटी मजिस्ट्रेट प्रयागराज विनय कुमार सिंह ने तहसील मुख्यालय बारा के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। उन्होंने एसडीएम, एसडीएम न्यायिक, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के न्यायालयों में लंबित मुकदमों की स्थिति और पत्रावलियों के रखरखाव की बारीकी से जांच की।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम न्यायिक का पद रिक्त होने के कारण मुकदमों के निस्तारण में हो रहे विलंब को गंभीरता से लिया गया। सिटी मजिस्ट्रेट ने संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों के निस्तारण में तेजी लाने और कार्यप्रणाली को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।इसके बाद उन्होंने तहसील के खजाना एवं रिकॉर्ड रूम का भी निरीक्षण किया और अभिलेखों के रखरखाव की स्थिति देखी। सरकारी जमीनों से जुड़े मामलों की समीक्षा करते हुए उन्होंने अवैध कब्जों को गंभीरता से लेने तथा सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराने के निर्देश दिए।सिटी मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह ने बताया कि तहसील के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यप्रणाली तथा अभिलेखों का रखरखाव संतोषजनक पाया गया है। निरीक्षण की विस्तृत आख्या जिलाधिकारी प्रयागराज को प्रेषित की जाएगी।

## बरसात से बुजुर्ग का गिरा घर प्रशासन से मदद की मांग



**लोड़ियारी।** लगातार हो रही तेज बारिश के चलते कच्चे मकानों का गिरने का सिलसिला रुक नहीं रहा है। बृहस्पतिवार को हुई तेज बारिश मे एक 82 वर्षीय वृद्धा का आशियाना गिरकर जमींदोज हो गया। घर के अंदर रखा गृहस्थी का सब सामान नष्ट हो गया। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मदद की गुहार लगायी है ' पंगुली पत्नी छोटे लाल निवासी बरहा कच्चा खपरैल मकान में अपना जीवन बिता रही थे। बुधवार को घर की स्थिति खराब होते ही पूरा परिवार बाहर हो गया। इसलिए घर के लोग सुरक्षित बच गए हैं। घर में रखे सामानों का नुकसान हुआ है। प्रशासक प्रधान संजय कुमार मिश्र ने मौके पर पहुंच कर वृद्धा को खाने के लिए गेहू चावल की व्यवस्था करायी । सूचना पर पहुंचे हल्का लेखपाल जितेन्द्र कुमार द्वारा ध्वस्त मकान की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों के पास भेज दी गयी है ।

# 5 साल से आवास का इंतजार और अब घर भी गिरा

- पाण्डर के आदिवासी परिवार की मदद को आगे आया सेवा दल
- बारा के पाण्डर में बारिश से ढहा आदिवासी परिवार का कच्चा मकान

अखंड भारत संदेश



**जसरा।** किसी की मुस्कुराहटों पे हो निसार, किसी का दर्द मिल सके तो ले उधार, जीना इसी का नाम है... इस कहावत को चरितार्थ किया कांग्रेस सेवा दल ने।

प्रयागराज की बारा तहसील के पाण्डर गाँव में आदिवासी परिवार पर आफत टूट पड़ी। सुभाष आदिवासी और रमापति आदिवासी का कच्चा मिट्टी का मकान भारी बारिश की वजह से भरभराकर गिर गया। मलबे के नीचे उनकी छोटी सी गृहस्थी दब गई। बच्चों की स्कूल की किताबें, खाने का राशन, बर्तन और कपड़े सब मिट्टी में मिल गए।

परिवार का आरोप है कि पिछले 5 सालों से वे सरकारी आवास के लिए दौड़ रहे हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से सिर्फ आश्वासन ही मिला, आवास नहीं मिला। अगर समय पर आवास मिल गया होता तो आज यह दिन नहीं देखना पड़ता।

घटना की जानकारी जैसे ही कांग्रेस सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.वी. श्रीनिवास को हुई, उन्होंने तत्काल मदद के निर्देश दिए। उनके निर्देश पर सेवा दल के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची और पीड़ित परिवार को चारपाई, बिस्तर, राशन और रोजमर्रा की जरूरत का सामान उपलब्ध कराया।

जितेन्द्र तिवारी ने परिवार को भरोसा दिलाया कि आगे सरकारी आवास दिलाने की लड़ाई में सेवा दल उनके साथ खड़ा रहेगा। इस अवसर पर सौरव पांडे, अतुल गुप्ता, अंशु सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सरस्वती विद्या मंदिर में धूमधाम से मनाया गया राखी बनाओ प्रतियोगिता कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश





**नैनी।** नैनी सरस्वती विद्या मंदिर माधव ज्ञान केंद्र में रक्षाबंधन के अवसर पर राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ किया गया। प्रतियोगिता में प्ले ग्रुप से कक्षा 12 तक के कुल 207 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए आकर्षक हस्तनिर्मित राखियां तैयार कीं। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर निर्णायक के रूप में सुमन गुप्ता एवं रूपा सिंह उपस्थित रहीं। निर्णायकों ने विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई विभिन्न प्रकार की राखियों का अवलोकन किया और उनकी रचनात्मकता एवं कलात्मक प्रतिभा की सराहना की। रक्षाबंधन के सामाजिक एवं राष्ट्रीय भाव को आत्मसात करते हुए विद्यालय की छात्राएं अनुप्रिया, आर्या, यशी, आराध्या, अंशिका, समृद्धि, संस्कृति एवं सान्वी संगम किला क्षेत्र पहुंचीं और देश के वीर जवानों को राखी बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया। छात्राओं ने जवानों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए देश की सुरक्षा में उनके योगदान को नमन किया। इसके साथ ही छात्राओं ने विद्यालय परिसर में स्थित पेड़-पौधों को भी राखी बांधी और पर्यावरण की रक्षा एवं संरक्षण का संकल्प लिया। इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार मिश्र, वरिष्ठ आचार्य राधेश्याम तिवारी, संजय कुमार मिश्र, रत्ना कुशवाहा, पदमा सिंह, आशा तिवारी, प्रतिभा तिवारी, सविता तिवारी, अंजली सिंह, जयति श्रीवास्तव, बबीता पांडे, कल्पना मिश्र, ईशा अरोड़ा, सौम्या सिंह, सुचिता अग्रवाल, प्रियंका मिश्रा, प्रियंका पांडेय, मन्नू द्विवेदी, निकिता मिश्रा, पूजा शुक्ला सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में रचनात्मकता, देशभक्ति एवं पर्यावरण संरक्षण की भावना को मजबूत करने के साथ रक्षाबंधन के सामाजिक सरोकारों का संदेश भी दिया।

# गौवंशो और किसानों के फसलों की दुर्गति, हजारों गाय बैल बछड़े झुंडो के साथ किये फ्लैग मार्च

**किसानों ने पशु क्रूरता पूर्वक आजीज आ कर सरकार की ब्यवस्था को कोसते हुये सुदूर गौशालाओं में ब्यवस्था न होने पर बैरंग वापस ले गए**

शहजादे




**कोराँव।** सरकार भले गौ बंसो की रक्षा एवं दुर्गति को देखते हुये गौ शालाओं की स्थापना कराई है किन्तु हर वर्ष मवेसियों की पैदावार के कारण किसानों की अपूर्णनीय छति होने से किसानों मैं सरकारी नीति एवं उनकी देखभाल को गौशालाओं मैं रखने को ले कर तथा मुख्य मार्ग हाइवे पर असंख्य जानवरों के लावारिश छुट्टा घुमने के कारण उनकी मौतें तो हो ही रही हैं किन्तु यात्रियों की भी प्रतिदिन जाने जा रही है!

दरअसल गौबशों की इतनी भरमार हो गई है कि गौशालाओं मैं ठहराने की ब्यवस्था चरमरा गई है, न उन्हें पर्याप्त चारा भुंसा पानी मिल पा रहा और न ही उपचार हो पा रहा है, न तो तिमारदार उनकी तिमारदारी कर पा रहे हैं, अधिकारी से ले कर कर्मचारी और सम्बंधित गौशाला के ग्राम पंचायत मुखिया संभाल पा रहे हैं, यह बात अलग है की सरकार के डर से सब किसी तरह उनकी देखभाल मैं लगे हैं!

27 अगस्त को दर्जनों उक्त इलाके के मवेशी हजारों की तादाद मैं पुलिस निगरानी के साथ जिनके कानों मैं आईडी टंगी थी सड़क मार्ग से महुली गौ शाला ले गये, पशुओं के झुण्ड को किन्तु हजारों की तादाद में मवेशी देख कर गौ तिमारदार भी भउचक रह गये, महुली इलाके के किसानों ने भी हजारों की तादाद में मवेशी देख कर नाराजगी जता दिए और कड़ा विरोध कर मवेशी जिस इलाके से आये थे विवश हो कर हंगामा देख वापिस ले कर चले गए, बड़ोखर के ग्राम प्रधान नन्हे सिंह भी महुली प्रधान से वार्ता किये किन्तु जन विरोध देखते हुए मवेशी संघ वापिस चले गये!

फिलहाल किसानों की नुकसानी और गौवंश की दुर्गति तथा निरंतर मवेशीयों की बृद्धि जन धन हानि मवेसियों और इंसानों की निरंतर हो रही मौतों से सरकार और गौ सेवा आयोग जन मानस प्रशासन को कोई नीति अथवा गौशालाओं की संख्या वृद्धि ब्यवस्था पर विचार किया जाना चाहिए!

# रक्षाबंधन पर अलर्ट रहेगी पुलिस, बाजारों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर बढ़ेगी निगरानी

**अखंड भारत संदेश**




**प्रतापगढ़।** रक्षाबंधन पर्व को लेकर प्रतापगढ़ पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। महिला और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए एंटी रोमियो और मिशन शक्ति टीमों के साथ पुलिस बल को विशेष सतर्कता बरतने और लगातार गश्त करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी आलोक कुमार ने जिले के सभी थानों के पुलिसकर्मियों के साथ एंटी रोमियो और मिशन शक्ति टीमों की ड्यूटी लगाई है। 27 और 28 अगस्त को विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमें व्यापारिक प्रतिष्ठानों, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, बाजारों, स्कूल-कॉलेजों, प्रमुख चौराहों और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर भ्रमणशील रहकर गश्त और चेकिंग करेंगी।

रक्षाबंधन के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के लिए पुलिस विशेष निगरानी रखेगी। संदिग्ध व्यक्तियों और गतिविधियों पर नजर रखने के साथ ही छेड़छाड़, अभद्रता अथवा किसी अप्रिय घटना की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

एंटी रोमियो और मिशन शक्ति टीमों को महिला एवं बालिका सुरक्षा से जुड़े स्थानों पर विशेष रूप से सक्रिय रहने तथा महिलाओं और बालिकाओं से संवाद कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाने को कहा गया है। पुलिस का कहना है कि रक्षाबंधन पर्व को सुरक्षित, शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा।

# चोरी की कार बेचने निकले तीन युवक गिरफ्तार, मारुति फ्रांस बरामद

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** अंतू पुलिस ने चोरी की कार बेचने की फिराक में निकले तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की मारुति फ्रांस कार बरामद की है। बरामद कार के संबंध में प्रयागराज के नवाबगंज थाने में चोरी का मुकदमा दर्ज है। अंतू पुलिस अमेठी रोड स्थित पश्चिमगांव किठावर पुलिस बैरियर पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि अमेठी की ओर से चोरी की कार लेकर कुछ युवक आ रहे हैं। पुलिस ने सफेद रंग की मारुति फ्रांस कार को रोककर जांच की। कार में सवार तीन युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।पूछताछ में आरोपियों की पहचान मोहम्मद कैफ निवासी रामपुर बंथरी, थाना मान्धाता, अफसार अहमद निवासी चंदुआडीह, थाना कोहड़ौर और आकिब अली निवासी जमुहा, थाना मान्धाता के रूप में हुई। पुलिस ने वाहन स्वामी से जानकारी की तो कार चोरी की निकली। जांच में पता चला कि कार के संबंध में नवाबगंज, प्रयागराज में मुकदमा दर्ज है।पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि कार को 16 अगस्त को प्रयागराज के नवाबगंज क्षेत्र के कंजिया से चोरी किया था। इसके बाद तीनों उसे बेचने के लिए ले जा रहे थे। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। कार बरामदगी के मामले में अंतू थाने में भी बीएनएस की धारा 317(2) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर चोरी की घटना में शामिल अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

कार्रवाई पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी आलोक कुमार और क्षेत्राधिकारी नगर आशुतोष मिश्रा के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी अभिषेक सिरोही के नेतृत्व में किठावर चौकी प्रभारी रविंद्र कुमार यादव की टीम ने की।

## न्यूज झरोखा

### जहरीले जंतु के काटने से क्लीनिक संचालक की मौत, प्रयागराज ले जाते समय तोड़ा दम

**प्रतापगढ़।** फतनपुर थाना क्षेत्र के बेलासगंज बाजार में क्लीनिक संचालित करने वाले 51 वर्षीय संतलाल यादव उर्फ संतरे की जहरीले जंतु के काटने से मौत हो गई। घटना बुधवार देर रात की बताई जा रही है।जानकारी के अनुसार, संतलाल यादव पुत्र राम आधार यादव को रात में जहरीले जंतु ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर बाजारवासियों ने उन्हें उपचार के लिए जौनपुर जिले के मछलीशहर क्षेत्र स्थित मतरी गांव ले गए। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्रयागराज रेफर कर दिया। प्रयागराज ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।मृतक मूल रूप से पट्टी कोतवाली क्षेत्र के शरमा गांव के निवासी थे और बेलासगंज बाजार में रहकर क्लीनिक चलाते थे। उनकी मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज प्रतापगढ़ भेजा गया। मृतक के दो पुत्र और एक पुत्री हैं। घटना के बाद गांव और बाजार में शोक का माहौल है।

### पीएम किसान सम्मान निधि में तीन लाख फर्जी लाभार्थियों का मामला, 60 करोड़ के नुकसान की आशंका

**प्रतापगढ़।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में बड़े पैमाने पर फजीवाड़े का मामला सामने आया है। तहसील कुंडा की आईडी और लॉगिन का दुरुपयोग कर अपात्र लोगों, नाबालिगों और जनपद व प्रदेश से बाहर के व्यक्तियों का संदिग्ध एवं फर्जी पंजीकरण कराए जाने के आरोप में साइबर क्राइम पुलिस थाना प्रतापगढ़ में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, सरकारी पोर्टल का दुरुपयोग कर पात्रता के विपरीत लोगों को योजना का लाभ दिलाया गया। जांच में करीब तीन लाख लाभार्थियों के धोखाधड़ीपूर्वक योजना का लाभ लेने की बात सामने आई है। प्रारंभिक जांच में बड़े पैमाने पर अनियमितता और संगठित तरीके से फर्जी पंजीकरण कराए जाने के तथ्य भी प्रकाश में आए हैं। फर्जी पंजीकरण के माध्यम से करीब 60 करोड़ रुपये से अधिक की सरकारी धनराशि के दुरुपयोग अथवा क्षति की आशंका जताई गई है। मामला सामने आने के बाद साइबर क्राइम पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। जांच में आईडी और लॉगिन का इस्तेमाल करने वालों के साथ ही फर्जी तरीके से पंजीकृत लाभार्थियों की भूमिका भी खंगाली जा रही है।पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने बताया कि प्रकरण में अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्रवाई की जा रही है। जांच में सामने आने वाले साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### हौदेश्वरनाथ घाट की सीढ़ियां और रेलिंग बाढ़ में डूबी

**कुंडा/प्रतापगढ़।** गंगा के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि से कुंडा क्षेत्र में नदी किनारे के घाट और आसपास के इलाकों में बाढ़ का असर दिखाई देने लगा है। हौदेश्वरनाथ गंगा घाट पर स्नान घाट की सीढ़ियां, रेलिंग और महिलाओं के कपड़े बदलने के लिए बनाया गया कमरा जलमग्न हो गया है।लगातार हो रही बारिश के चलते कालाकांकर से जहानाबाद तक गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। मानिकपुर में गंगा पुरोहितों की मड़हियों को पार कर नमामि गंगे की सीढ़ियों तक पहुंच गई है। वहीं मानिकपुर के श्मशान घाट पर भी पानी सीढ़ियों तक पहुंचने से नीचे अंतिम संस्कार के लिए स्थान नहीं बचा है। ऐसे में नमामि गंगे परियोजना के तहत बनाए गए प्लेटफॉर्म पर शवदाह किया जा रहा है।गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ने से नदी किनारे बसे गांवों के लोगों में चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जलस्तर इसी तरह बढ़ता रहा तो निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा और बढ़ सकता है।प्रशासन की ओर से नदी के जलस्तर और संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों पर नजर रखी जा रही है। ग्रामीणों ने भी नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है।

## ऑपरेशन प्रहार में 1.10 किलो गांजा बरामद, एक गिरफ्तार

**कुंडा/प्रतापगढ़।** मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत बाघराय पुलिस ने एक युवक को 1 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय एवं क्षेत्राधिकारी सदर मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी श्रवण कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी।इसी दौरान पुलिस ने डिहवा बिहार-शकरदहा मार्ग स्थित ओवरब्रिज के नीचे से संजय सरोज (34) पुत्र कमलेश सरोज, निवासी अनावा, थाना महेशगंज, जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 1 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद हुआ।पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना बाघराय में मु0अ0सं0 225/2026, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है और बरामदगी के आधार पर नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जा रही है।गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सत्यम तिवारी, उपनिरीक्षक दिनेश कुमार, कांस्टेबल मानवेन्द्र सिंह, रिजर्व कांस्टेबल रजनीश कुमार एवं रिजर्व कांस्टेबल धनेश सरोज शामिल रहे।

## जहरीले जंतु के काटने से किशोरी की मौत

**पट्टी।** आसपुर देवसरा क्षेत्र के अतरौरा निवासी अंजली पुत्री राम प्रकाश वर्मा(22)वर्ष की गुरुवार की सुबह करीब नौ बजे जहरीले जंतु के काटने से मौत हो गई। अंजली सुबह खाना बनाने के लिए घर के पीछे लकड़ी लेने गई हुए थी। जहां कोई जहरीले जंतु ने उसे काट लिया। आनन फानन में लोग उसे पट्टी सीएचसी लेकर भागे।वहां उसकी हालत गंभीर होते देख चिकित्सकों ने जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां दोपहर उसकी मौत हो गई।वह एक भाई और एक बहन थी। उसके दिव्यांग पिता दिल्ली में रहकर मकान के शटरिंग का काम करता है और उसी के साथ उसका भाई भी काम करता है।अंजली रामराज इंटर कॉलेज पट्टी में 12वीं की छात्रा थी।घर पर अंजली अपनी अकेली माँ के साथ रहती थी।जिसका रो रो कर बुरा हाल है।

# शिव नाम में ही है सृष्टि का सार : जगदगुरू मानस किंकर जी महाराज





**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अन्नपूर्णा मैरिज हॉल में जगद्गुरू ओम प्रपन्नाचार्य मानस किंकर जी महाराज के श्रीमुख से शिव कथा का गायन किया गया। जगद्गुरू जी ने कहा कि शिव नाम में ही सृष्टि का सार है। शिव ही सत्य हैं और शिव ही समस्त विश्व का कल्याण करेंगे। शिव कथा सुनने से जीवन धन्य हो जाता है। इस अवसर पर विभाग प्रचारक ओमप्रकाश जी, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल, प्रतिनिधि विनोद पाण्डेय,समाजसेवी राकेश पाण्डेय, नगर पुरोहित पं. श्याम शंकर दूबे, पूर्व प्रधानाचार्य भगवानदास मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य गिरीश जायसवाल, संजय पाल,मण्डल अध्यक्ष रमेश सोनी, विपिन सिंह, डॉ यूएस त्रिपाठी, धनंजय सिंह, जितेन्द्र सोनी, प्रमोद सिंह, प्रधान कमला शंकर तिवारी, सभासद प्रतिनिधि सजीवन सोनी, राजेश सरोज, चन्दन सिंह, हर्ष सिंह, आशा जायसवाल, रेखा सिंह, संजू सिंह, सुरेश सिंह, राम यज्ञ मौर्य, उदय प्रताप सिंह, विजयेंद्र सोनी, डॉ. अखिलेश जायसवाल, रंजीत यादव, दीपक वर्मा, शीतला सरोज, शिव कुमार पाण्डेय, सुरेश पटेल, लोकेश सिंह, प्रकाश गुप्ता, भार्गव तिवारी, संतोष उमरवैश्य, सुधीर श्रीवास्तव, अन्नू खरे, अनुपम सिंह, संजय सिंह, संतोष पुष्पाकर, अभिषेक सिंह, गौरव पाण्डेय, अधिवक्ता शुभम शांडिल्य, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# खाद्य विभाग की छापेमारी में 09 खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए संग्रहित किए गये

**अखंड भारत संदेश**




**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने 26 और 27 अगस्त को जिले की विभिन्न तहसीलों में रेस्टोरेंट एवं मिष्ठान प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्रवाई की। सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-2 अभय कुमार सिंह के निर्देशन तथा मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में गठित खाद्य सचल दल ने प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करते हुए कुल 09 खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए संग्रहित किए।

खाद्य सचल दल की टीम ने मनिकपुर कुंडा स्थित जीवन स्वीट्स से पेड़ा, रेड़ीगारापुर पट्टी स्थित संदीप कुमार वर्मा के प्रतिष्ठान से खोया व चीनी से निर्मित मिठाई रोल तथा बाबूगंज स्थित शुभम धुरिया मिष्ठान भंडार से कलाकंद का नमूना लिया। इसी क्रम में कुशवापुर संग्रामगढ़ स्थित दिलीप गुप्ता के प्रतिष्ठान से बर्फी और बाबागंज कुंडा स्थित बंगाली सौरभ मिष्ठान से छेना रसगुल्ला का नमूना संग्रहित किया गया। इसके अलावा पट्टी स्थित श्री खाटू श्याम डेयरी से पनीर, बाघराय कुंडा स्थित बॉम्बे वड़ा पाव से गुलाब जामुन, बाघराय स्थित सपना मिष्ठान भंडार से छेना की मिठाई तथा लालगंज अजहरा स्थित चंदन कौशल के प्रतिष्ठान से पेड़ा का नमूना लिया गया।सभी 09 नमूनों को विश्लेषण के लिए खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा गया है। प्रयोगशाला से प्राप्त होने वाली जांच रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी रोशन सिंह, संतोष कुमार दूबे, डॉ. यादव संजय कुमार नन्हकू, शहाब उद्दीन सिद्दीकी एवं डॉ. शमशुन नेहा उपस्थित रहे।

### बाबा विशंभरनाथ धाम में 29 को होगा विशाल भंडारा, हजारों श्रद्धालु ग्रहण करेंगे प्रसाद

**पट्टी।** तहसील क्षेत्र के सदहा गांव स्थित बाबा विशंभरनाथ धाम में 29 अगस्त को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। भंडारे में क्षेत्र के विभिन्न गांवों के साथ ही आसपास के इलाकों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। भंडारे में हजारों भक्त बाबा विशंभरनाथ के दर्शन-पूजन के बाद प्रसाद ग्रहण करेंगे। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाएं की जा रही हैं। धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्र के लोगों में उत्साह बना हुआ है।आयोजक रामदेव पांडेय व सुभाष चंद्र उपाध्याय, तीरथ यादव, रामफेर यादव, रमेश यादव, जीत लाल, ने क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं से अपील की है कि 29 अगस्त को बाबा विशंभरनाथ धाम पहुंचकर विशाल भंडारे में प्रसाद ग्रहण करें और आयोजन में सहभागी बनें। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से भंडारे में पहुंचने का आग्रह किया है।

# चोरी की 32.5 टन सरिया बरामद, पांच गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** मान्धाता पुलिस ने चोरी की सरिया खरीदकर खपाने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर अलग-अलग दुकानों और गोदामों से कुल 32.5 मीट्रिक टन सरिया बरामद की है। बरामद सरिया की पहचान वादी ने चोरी गए माल के रूप में की है।मऊआइमा थाना क्षेत्र के सुल्तापुर निवासी व्यक्ति ने झारखंड के कोडरमा से 41.760 मीट्रिक टन सरिया ट्रक से महाराष्ट्र के सतारा भेजी थी। आरोप है कि चालक सरिया को निर्धारित स्थान पर पहुंचाने के बजाय उत्तर प्रदेश ले आया। इसके बाद चालक ने माल को अलग-अलग स्थानों पर उतारने की जानकारी दी, लेकिन संबंधित लोगों ने सरिया मिलने से इन्कार कर दिया। 21 से 25 अगस्त तक माल नहीं पहुंचने और चालक की ओर से संतोषजनक जानकारी नहीं मिलने पर वादी ने सरिया चोरी कर बेच दिए जाने की आशंका जताई। तहरीर पर मान्धाता थाने में मुकदमा दर्ज किया गया।

पुलिस ने जांच के दौरान रामअजोर पटेल को गिरफ्तार कर पूछताछ की। पुलिस के अनुसार, रामअजोर ने बताया कि उसे चोरी की सरिया इमरान निवासी नौवापुर, थाना देल्हूपुर ने कम कीमत पर उपलब्ध कराई थी। इसके बाद रामअजोर ने सरिया अलग-अलग लोगों को सस्ते दाम पर बेच दी।रामअजोर की निशानदेही पर पुलिस ने जेठवारा क्षेत्र में कई स्थानों पर दबिश दी। धर्मेंद्र पटेल के गोदाम से 1.5 टन, अरविंद यादव के कब्जे से तीन टन, नौशाद के गोदाम से तीन टन और संजय शुक्ला उर्फ सुशील शुक्ला के गोदाम से 1.5 टन सरिया बरामद हुई।

इसके अलावा रामअजोर के घर के बेसमेंट में बने गोदाम से 16 टन सरिया मिली। राजकुमार त्रिपाठी की दुकान से तीन टन और देवीशंकर मिश्रा की दुकान से 4.5 टन सरिया बरामद की गई। दोनों मौके पर नहीं मिले। पुलिस उनकी भूमिका की जांच कर रही है।पुलिस के अनुसार, झारखंड से कुल 41.760 मीट्रिक टन सरिया भेजी गई थी। इसमें से अब तक 32.5 मीट्रिक टन बरामद हो चुकी है। बरामद सरिया पर 'गिरधर एनईएक्सटी' अंकित है। वादी ने मौके पर इसकी पहचान अपने चोरी गए माल के रूप में की।पुलिस ने धर्मेंद्र पटेल, अरविंद यादव, नौशाद, संजय शुक्ला उर्फ सुशील शुक्ला और रामअजोर पटेल को गिरफ्तार किया है। विवेचना के दौरान मुकदमे में बीएनएस की धारा 317(2) और 317(4) की बढ़ोतरी की गई है। पूछताछ में चोरी की सरिया खरीदने और बेचने में शामिल अन्य लोगों के नाम भी सामने आए हैं। पुलिस उनकी भूमिका की जांच कर रही है।

कार्रवाई पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी आलोक कुमार और क्षेत्राधिकारी रानीगंज प्रशांत राज के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी मान्धाता धनंजय राय की टीम ने की।

## केबल गिरने के विवाद में भाई-बहन की लाठी-डंडों से पिटाई

**पट्टी।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के आमापुर गांव में विद्युत केबल गिरने के विवाद को लेकर पड़ोसियों ने भाई-बहन की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। दोनों घायल हो गए। पीड़िता की मां ने थाने में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।गांव निवासी लालती देवी ने बुधवार देर शाम करीब नौ बजे पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि उनके घर के सामने से विद्युत केबल गुजरा है, जो गिर गया था। इसी बात को लेकर पड़ोसियों से विवाद हो गया। आरोप है कि पड़ोसियों ने उनकी बेटी सुषमा गौतम और बेटे संदीप कुमार को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। दोनों को लेकर परिजन थाने पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। थाना अध्यक्ष राकेश चौरसिया ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है। मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

# किराने की दुकान से 1.210 किलो गांजा और 11,080 रुपये बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**




**मानिकपुर/प्रतापगढ़।** मादक पदार्थों की बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत मानिकपुर पुलिस ने एक किराना दुकानदार को गांजा बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे और दुकान से 1 किलो 210 ग्राम गांजा तथा 11,080 रुपये नकद बरामद करने का दावा किया है।पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय एवं क्षेत्राधिकारी कुंडा शिवनारायन वैस के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी मानिकपुर पंकज कुमार राय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की।पुलिस के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर ग्राम मुन्दीपुर रानापट्टी स्थित किराने की दुकान पर दबिश दी गई। यहां से पुलिस ने श्यामजी मिश्रा (58) पुत्र स्वर्गीय रामजी मिश्रा निवासी मुन्दीपुर रानापट्टी को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान दुकान से कुल 1 किलो 210 ग्राम गांजा और जामातलाशी में बिक्री के 11,080 रुपये बरामद होने की बात पुलिस ने कही है।आरोपी के खिलाफ थाना मानिकपुर में मुकदमा अपराध संख्या 219/2026, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने उसके पूर्व आपराधिक इतिहास में 1997 में एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे का भी उल्लेख किया है।गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अमित कुमार सिंह, उपनिरीक्षक मनोज कुमार पाण्डेय, कांस्टेबल रामदेव गौतम, कांस्टेबल भीमराव एवं रिजर्व महिला कांस्टेबल सुष्मिता सिंह शामिल रहीं।

## हैंडपंप खराब, मरम्मत नहीं होने दे रहे पड़ोसी, ड्रम में भरकर ला रहे पानी

प्रतापगढ़। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के लवेद गांव में खराब पड़े हैंडपंप की मरम्मत नहीं होने देने से परिवार को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण प्रीति तिवारी ने बृहस्पतिवार सुबह एसडीएम पट्टी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रीति तिवारी का आरोप है कि उनके दरवाजे के सामने लगा हैंडपंप खराब हो गया है। पड़ोस के कुछ लोग दबंगई के चलते उसकी मरम्मत नहीं होने दे रहे हैं। हैंडपंप खराब होने से परिवार को पीने के पानी के लिए दूर से ड्रम में पानी भरकर लाना पड़ रहा है।एसडीएम पट्टी पूरेंद्र मिश्रा ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है। मामले की जांच कराई जा रही है। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# अन्नपूर्णा भवन के निर्माण में अनियमितता का आरोप, पिलर में सीमेंट की बोरियां डालने का वीडियो वायरल

**पट्टी।** तहसील क्षेत्र की बेला ग्राम सभा में निमार्णाधीन अन्नपूर्णा भवन के निर्माण में अनियमितता का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने जांच की मांग की है। निर्माण स्थल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें पिलर के अंदर सीमेंट की बोरियां डाली हुई दिखाई दे रही हैं। वीडियो सामने आने के बाद निर्माण की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है।

ग्रामीणों का आरोप है कि सरकारी योजना के तहत बन रहे भवन के निर्माण में निर्धारित मानकों की अनदेखी की जा रही है। पिलर में सीमेंट की बोरियां डाले जाने से निर्माण की मजबूती पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने मामले की तकनीकी जांच कराकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की है।ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और मुख्य विकास अधिकारी से वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर जांच कराने की मांग की है। साथ ही निर्माण में अनियमितता मिलने पर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

**जांच कराकर होगी कार्रवाई**

एसडीएम पट्टी पूरेंद्र मिश्रा ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है। यदि निर्माण में इस तरह की अनियमितता की जा रही है तो जांच कराकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## 29 अगस्त को 14 वर्षीय बालको की हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन स्पोर्टस स्टेडियम में

**प्रतापगढ़।** उपक्रीड़ा अधिकारी रंजीत कुमार यादव ने बताया है कि जिला खेल कार्यालय स्टेडियम के तत्वावधान में दिनांक 29 अगस्त 2026 को स्व0 मेजर ध्यान चन्द जी के जन्म दिवस पर आगामी 29 अगस्त को 14 वर्षीय बालको की हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन स्पोर्टस स्टेडियम प्रतापगढ़ में पूर्वान्ह 10 बजे कराया जायेगा। प्रतियोगिता में विजेता एवं उपविजेता टीमो को खेल विभाग द्वारा आकर्षक पुरस्कार दिया जायेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों को विभाग द्वारा किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों की प्रविष्टि प्रतियोगिता के एक दिन पूर्व कर करा लें।

# पड़ोसी के घर मे संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर मिला बालिका का शव

**बालिका की मौत में पड़ोसी वृद्ध महिला की भूमिका सवालों के घेरे में है, बालिका के मोबाइल को पुलिस ने कब्जे में लेकर जांच में जुटी**



**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ोसी के घर पर एक बालिका का फांसी के फंदे पर शव मिलने से सनसनी मच गई,घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस ने बालिका का मोबाइल को कब्जे में लेकर जांच में जुटी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ लग गई है मौके पर पहुँची पुलिस ने बालिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पड़ोसी वृद्ध महिला संदेह के घेरे में है कोखराज थाना क्षेत्र के टीकरडीह गाँव का मानसिंह मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता है। मानसिंह की दो बेटी व एक बेटा है। उसकी दूसरे नम्बर की बेटी लक्ष्मी देवी उर्फ छोटी पड़ोस की ही वृद्ध महिला के घर पर रह रही थी,क्योंकि वृद्ध महिला घर पर अकेली रहती थी और उसके कोई बच्चे नहीं थे। गुरूवार की सुबह उसके दूसरे नम्बर की बेटी लक्ष्मी देवी उर्फ छोटी उम्र 21 वर्ष ने पड़ोसी वृद्ध महिला के घर? पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है घटना के दौरान वह पड़ोसी वृद्ध महिला लक्ष्मी की बीमार माँ को घर देखने आई थी। बालिका द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने की सूचना से हड़कम्प मच गया घटना की जानकारी होने पर सिंघिया चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंच कर बालिका का मोबाइल कब्जे में लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच में जुट गई है। बालिका की मौत में पड़ोसी वृद्ध महिला की भूमिका सवालों के घेरे में है।

## तिल्हापुर मोड़ पर हर्षोल्लास से मनाई गई संत शिरोमणि नरहरिदास महाराज की जयंती

**कौशाम्बी।** तिल्हापुर मोड़ स्थित सराफा व्यापार मंडल कार्यालय पर बुधवार को संत शिरोमणि नरहरिदास महाराज की जयंती समारोह श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ संत जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया गया। वक्ताओं ने संत शिरोमणि नरहरिदास जी के जीवन दर्शन,त्याग और समाज सुधार में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उनके बताए सत्य और एकता के मार्ग पर चलने का सभी ने संकल्प लिया। समारोह में नगर अध्यक्ष रामगोपाल सोनी, ओमप्रकाश सोनी, भोला सोनी, दिलीप सोनी, अभिषेक सोनी, संतोष सोनी सहित व्यापार मंडल के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा। अंत में आयोजक मंडल ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उपस्थित पदाधिकारियों और समाज के लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन जयकारे के साथ हुआ।

## एनडी कांवेंट स्कूल में धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन पर्व



**हर्रायपुर, कौशाम्बी।** एनडी कांवेंट स्कूल एवं स्वर्गीय श्री समाधि महाराज बाबा सूरजपाल दास इंटर कॉलेज,नसीरपुर मूरतगंज के प्रांगण में रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में राखी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्रबंधक मिथिलेश सिंह यादव ने सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं दीं प्रधानाचार्य महेश कुमार ने रक्षाबंधन पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व भाई-बहन के प्रेम,विश्वास और सुरक्षा के संकल्प का पर्व है। उन्होंने रानी कर्मावती और हुमायूं से जुड़ी प्रचलित कथा का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को पर्व की सांस्कृतिक परंपरा के बारे में जानकारी दी कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल रहा। छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को राखी बांधकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं इस मौके पर उप प्रधानाचार्य रामनरेश यादव,धर्म नारायण यादव,राज विश्वकर्मा,राहुल श्रीवास्तव,मिथिलेश कुमार, सचिन शर्मा,संदीप कुमार साहू, ममता मिश्रा,आकांक्षा पाल, मनीषा विश्वकर्मा,आकांक्षा यादव,महक सिंह,कामना शर्मा, सोमा द्विवेदी,अतिमा यादव, कल्लो देवी,मुन्नी देवी सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### रक्षाबंधन त्यौहार पर सज गई राखी एवं मिष्ठान की दुकान



**करारी कौशांबी।** रक्षाबंधन त्यौहार पर बाजारों एवं चौराहा पर जगह-जगह रंग बिरंगी एवं आकर्षक राखी एवं मिष्ठान की दुकान सज गई है । त्यौहार नजदीक आने के साथ ही बाजारों में खरीदारी के लिए महिलाओं और युवाओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है।10 रुपये से लेकर 200 रुपए तक और उससे अधिक मूल्य की राखियां मौजूद हैं। करारी कस्बे के दुकानदार साजन गुप्ता बताते हैं कि इस बार रेशम के धागे,मेटल,ब्रेसलेट,रुद्राक्ष और इको फ्रेंडली राखियों की मांग सबसे ज्यादा है।बच्चों के लिए कार्टून एवं लाइट वाली राखियां भी आकर्षण का केंद्र है। वहीं मिष्ठान की बात की जाए तो कस्बे में कालिया स्वीट हाउस,चड्ढा स्वीट हाउस,अमृत स्वीट हाउस,उमेश स्वीट हाउस ,बच्चा मिष्ठान भंडार आदि प्रमुख मिष्ठान की दुकानें हैं। बाजार में 300 रुपए से लेकर700 रुपए तक प्रति किलोग्राम मिठाई उपलब्ध है। भारतीय धर्म संस्कृति के अनुसार रक्षाबंधन का त्यौहार श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। यह त्यौहार भाई-बहन को स्नेह की डोर में बांधता है। बहने थाली सजाकर भाई की कलाई पर रोली चावल का तिलक लगाकर रक्षा का बंधन बाँधती है।बहन भाई को मिठाई खिलाकर भाई की लंबी उम्र और खुशहाली की कामना करती है। भाई अपनी बहन को हमेशा रक्षा करने का वादा करता है और नेग देता है ।

### एस.ए जी एम कान्वेंट स्कूल गनपा सिराथू में रक्षाबंधन पर्व बहुत ही धूमधाम से मनाया गया



**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी।** सिराथू क्षेत्र के एस.ए जी एम कान्वेंट स्कूल गनपा में रक्षाबंधन का पर्व बड़े हीहर्षोल्लास के साथ मनाया गया।स्कूल में सभी बच्चों ने एक दूसरे को राखी बांधकर रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। बच्चों ने भाई-बहन के इस पवित्र रिश्ते को समझा और एक दूसरे की रक्षा का संकल्प लिया।इस दौरान बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। स्कूल परिसर राखी के रंग में रंगा नजर आया।इस मौके पर प्रबंधक जवाहर लाल कुशवाहा और प्रधानाचार्य आलोक रंजन, विद्यालय के अध्यापक व अध्यापिका मौजूद रहे और बच्चों को रक्षाबंधन के महत्व के बारे में बताया।

### तिल्हापुर मोड़ पेरई में फिर सजेगा दधिकान्दौ का ऐतिहासिक मेला

**8-9 सितंबर को उमड़ेगा जनसैलाब,कलात्मक चौकियां और रोशनी बनेंगी आकर्षण का केंद्र**

**तिल्हापुर मोड़, कौशाम्बी।** पांच दशक पुरानी परंपरा को जीवंत करते हुए तिल्हापुर मोड़ पेरई का ऐतिहासिक दधिकान्दौ मेला इस बार 8 और 9 सितंबर को भव्य रूप में आयोजित किया जाएगा। मेले की तैयारियां जोर पकड़ने के साथ ही क्षेत्र में उत्साह का माहौल बन गया है। दो दिनों तक तिल्हापुर मोड़ पेरई में उत्सव, उमंग और मनोरंजन का रंग देखने को मिलेगा।रात में रोशनी से मेला क्षेत्र जगमगाएगा दधिकान्दौ मेले में इस बार आकर्षक कलात्मक चौकियां, सर्कस,डीजे प्रतियोगिता और रंगारंग मनोरंजन लोगों के लिए खास आकर्षण रहेंगे। करीब आधा दर्जन कलात्मक चौकियों को अलग-अलग थीम और आकर्षक सजावट के साथ तैयार किया जाएगा। वहीं, प्रमुख मार्गों और मेला क्षेत्र में की जाने वाली रंग-बिरंगी रोशनी रात के समय मेले की खूबसूरती में चार चांद लगाएगी।पांच दशक पुरानी परंपरा का भव्य रूप दिखेगा दधिकान्दौ मेला क्षेत्र के लोगों के लिए केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं,बल्कि वर्षों पुरानी सामाजिक और सांस्कृतिक परंपरा का हिस्सा है। हर वर्ष आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग मेले में पहुंचते हैं। इस बार भी भारी भीड़ जुटने की उम्मीद है।मेले को लेकर दुकानदारों ने भी तैयारियां शुरू कर दी हैं। खिलौने,मिठाई,खान-पान और घरेलू सामान की दुकानें सजने लगी हैं। बच्चों और युवाओं के लिए मनोरंजन के कई साधन आकर्षण का केंद्र रहेंगे। शाम होते ही मेला क्षेत्र लोगों की भीड़ से गुलजार होने की उम्मीद है।दधिकान्दौ मेले की दो दिवसीय रौनक देखने के लिए क्षेत्र के लोगों में अभी से उत्सुकता बनी हुई है। 8 और 9 सितंबर को तिल्हापुर मोड़ पेरई एक बार फिर अपनी ऐतिहासिक मेले की परंपरा और सांस्कृतिक रंग में रंगा नजर आएगा।बाजार में रौनक बढ़ेगी और बच्चों के लिए खास आकर्षण का केंद्र होगा।

### गैस सिलेंडर रिफिल के नाम पर पवैया गैस एजेंसी में मची लूट से उपभोक्ता परेशान

**करारी कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के पवैया गैस एजेंसी मे उपभोक्ताओं से गैस सिलेंडर के रिफिल नाम पर मनमानी लूट हो रही है उपभोक्ताओं ने बताया कि गैस सिलेंडर रिफिल के नाम पर 995 रुपये की जगह 1100 रुपये की खुलेआम वसूली एजेंसी के कर्मचारियों द्वारा प्रतिदिन की जा रही है जिस उपभोक्ता ने गैस रिफिल की अधिक कीमत देने का विरोध किया उसका गैस सिलेंडर रिफिल नहीं किया जाता है जिससे लोगों के घरों के चूल्हे नहीं जल पाते हैं मामले को लेकर कई बार एजेंसी में उपभोक्ताओं से नोकझोंक हो चुकी है जिससे परेशान उपभोक्ताओं ने मामले की शिकायत अधिकारियों से भी की लेकिन जांच के नाम पर मामले में लीपापोती कर दी गई और एजेंसी संचालक पर कार्यवाही नहीं हुई है एजेंसी संचालक और उनके कर्मचारियों के मनमानी रवैया से सैंकड़ो गैस उपभोक्ता परेशान हो गए हैं उनकी कहीं सुनवाई नहीं हो रही है गैस सिलेंडर रिफिल के नाम पर अधिक कीमत वसूल करने के मामले का वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है जिसमें गैस एजेंसी के कर्मचारियों के मनमानी खुले आम दिखाई पड़ रही है पवैया गैस एजेंसी के कर्मचारी मनमाने कीमत वसूली की बात कर रहे हैं एजेंसी कर्मचारियों द्वारा गैस की कॉपी बनाने के नाम पर 62 रुपए की डिमांड की जा रही है जिसका उपभोक्ता विरोध कर रहे हैं उपभोक्ताओं के पास गैस कॉपी होने के बाद भी उनकी गैस कॉपी बदलने के नाम पर उनसे रकम की डिमांड की जा रही है और गैस कॉपी न बदलने वाले उपभोक्ताओं के सिलेंडर रिफिल नहीं किया जा रहे हैं गैस की कॉपी की कीमत उपभोक्ताओं से गैस सिलेंडर रिफिल के समय दबाव बनाकर वसूला जा रहा है इतना ही नहीं गैस सिलेंडर एजेंसी के कर्मचारियों की मनमानी यही नहीं खत्म हो रही है बल्कि गैस एजेंसी संचालक द्वारा गैस सिलेंडर रिफिल के समय होम डिलीवरी की कीमत वसूली जा रही है लेकिन उसके बाद भी उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर होम डिलीवरी नहीं दी जा रही है आखिर एजेंसी के नियम के विपरीत मनमानी वसूली करने वाले संचालक पर कार्यवाही करने से अधिकारी दूर क्यों भाग रहे हैं ।

# भतीजे की 22 लाख मालियत की जमीन मे हेराफेरी कर चाचा ने 20 हजार में खरीदा

**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के महेवाघाट थाना अंतर्गत अंधावा गांव के मजरा बाबा का पुरवा निवासी चाचा मानसिंह पुत्र हूबलाल ने अपने सगे भतीजे बाबू चंद्र पुत्र गेंद लाल के मकान जमीन को हेरा फेरी करके अपने ही परिवार के चंद्रभान पुत्र चुन्नीलाल से जरिए रजिस्ट्री ऑफिस में बिक्रय पत्र लिखवा कर खरीद लिया है जिस जमीन को चाचा मानसिंह 24 जुलाई 2026 को रजिस्ट्री के जरिए खरीदने की बात कर रहे हैं उस जमीन की मालियत रजिस्ट्री कार्यालय में 24 लाख 30000 बताई गई है जबकि बाजार की वास्तविक कीमत इससे भी अधिक है लेकिन 24 लाख मालियत की जमीन को 20 हजार कीमत की दिखा करके मानसिंह ने खरीद लिया है सवाल उठता है कि जिस जमीन की कीमत 24 लाख रुपए से अधिक है उस जमीन को वास्तविक मालिक 20 हजार में क्यों बिक्री करेगा इसके पीछे तर्क है कि जमीन बाबू चंद्र आदि की थी उनके बाबा हुबलाल ने अपने सगे भाई चुन्नीलाल को पैसा देकर जमीन खरीद लिया था चुन्नीलाल गांव छोड़कर इलाहाबाद के नैनी में रहने लगे चुन्नीलाल का विश्वास करके हूबलाल ने अपनी भाई ; जमीन का बैनामा नहीं कराया था इसी बात का फायदा चुन्नीलाल के बेटे चंद्र भान उठाने लगे जबकि हूबलाल और चुन्नीलाल की जमीन तहसील के अभिलेखों के खसरा में आबादी में दर्ज हो चुकी है इसमें हूबलाल के परिवार का मकान भी बना हुआ है लेकिन खतौनी में चुन्नीलाल का नाम निरस्त नहीं हुआ है कानून कहता है कि जिस जमीन में आबादी दर्ज है उस जमीन में जिसका कब्जा है वह मालिक होगा वर्तमान में इस जमीन पर बाबू चंद्र का कब्जा है पक्के मकान बने हैं परिवार सहित बाबू चंद्र निवास कर रहे हैं लेकिन उसके बाद बाबू चंद्र के निवास के मकान को मानसिंह ने तहसील की मालियत 24 लख रुपए से 100 गुना कम 20 हजार में खरीद लिया है और बार-बार वह तहसील के बैनामा को दिखाकर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं इसी मामले को लेकर मानसिंह ने अपने परिवार रिश्तेदार और पत्नी के साथ मिलकर 23 अगस्त 2026 को बाबू चंद्र के परिवार पर हमला बोल दिया है घर के अंदर घुसकर लाठी डंडा कुल्हाड़ी से हमला किया गया है गाली गलौज करते हुए जान से मारने की कोशिश की गई है बाबू चंद्र का परिवार जान बचाकर भाग रहा था हालांकि इस घटना में बाबू चंद्र के परिवार को गंभीर चोट नहीं आई है मामले की सूचना थाना और पुलिस चौकी को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस मामले में जांच पड़ताल करने के बाद वापस लौट आई है घटना में किसी प्रकार का मुकदमा नहीं दर्ज हुआ है बाबू चंद्र के मकान पर कब्जा करने को लेकर दोनों पक्षों के बीच तनाव की स्थिति है और कभी भी कोई बड़ी अप्रिय घटनाएं हो सकती हैं मामले में चुन्नीलाल के बेटे चंद्रभान की भी भूमिका सवालों के घेरे में है दूसरे के कब्जे की जमीन को फर्जी तरीके से बैनामा करने वाले चंद्रभान और दूसरे के कब्जे की जमीन को फर्जी तरीके से खरीदने वाले मानसिंह के कारनामे की यदि अधिकारियों ने जांच कराई तो बड़े कारनामे का खुलासा होगा हालांकि मामले में बैनामा कैंसिलेशन और दाखिल खारिज पर रोक लगाए जाने की मांग बाबू चंद्र ने शुरू कर दी है सवाल उठता है कि अपनी वास्तविक जमीन की कीमत से 100 गुना कम कीमत पर कोई व्यक्ति अपनी जमीन क्यों बेचे गा यह विचार करने का प्रश्न खड़ा है।

# कस्तूरबा की बेटियों ने रक्षाबंधन पर बांधी राखी सीडीओ ने दिया शिक्षा और सुरक्षा का भरोसा

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, मंझनपुर में भाई-बहन के पवित्र रिश्ते और स्नेह की अनूठी झलक देखने को मिली। विद्यालय की छात्राओं ने मुख्य विकास अधिकारी, कौशाम्बी को राखी बांधकर रक्षाबंधन का पर्व उत्साह और आत्मीयता के साथ मनाया।राखी बंधवाते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने छात्राओं से आत्मीय संवाद किया और उनके अध्ययन, ज्ञानवर्धन,सुरक्षा तथा उज्ज्वल भविष्य को लेकर महत्वपूर्ण बातें साझा कीं। उन्होंने छात्राओं को शिक्षा के प्रति निरंतर मेहनत करने,अपने लक्ष्य निर्धारित करने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया कार्यक्रम के दौरान छात्राओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। विद्यालय की वार्डेन श्रीमती मुदिता के मार्गदर्शन में छात्राओं ने रक्षाबंधन कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर सहभागिता की। इस अवसर ने बालिकाओं के भीतर अपनापन, सम्मान और सुरक्षा की भावना को और मजबूत किया।मुख्य विकास अधिकारी ने बालिकाओं को यह संदेश दिया कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं। बेहतर शिक्षा और उचित अवसर मिलने पर बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा सकती हैं। उन्होंने छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने तथा अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया।रक्षाबंधन का यह कार्यक्रम केवल राखी बांधने तक सीमित नहीं रहा,बल्कि बालिकाओं के प्रति समाज और प्रशासन की जिम्मेदारी तथा उनके सुरक्षित एवं उज्ज्वल भविष्य के संकल्प का भी संदेश देता नजर आया। संदेश साफ है-बेटियां पढ़ेंगी,आगे बढ़ेंगी और अपने सपनों को साकार करेंगी, तभी समाज और देश का भविष्य और मजबूत होगा।

# बाल गोविन्द विद्यालय में मनाया गया रक्षा बंधन का पर्व



**अखंड भारत संदेश**

**भरवारी कौशाम्बी।** भरवारी नगर में स्थित बाल गोविन्द सरस्वती विद्याश्रम में छोटी छोटी बहनों ने अपने साथ पढ़ने वाले भाईयों के माथे पर तिलक लगाकर कलाई में रक्षा सूत्र बांधकर एवं चाकलेट खिला कर मुंह मीठा करते हुए रक्षाबंधन का पर्व मनाया। वहीं भाईयों ने भी अपनी प्यारी बहनों को गिफ्ट देकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य मनराखन सिंह ने बच्चों को बताया कि यह पर्व भारतीय संस्कृति मे बहुत महत्वपूर्ण पर्वो में से एक है, जो कि भाई - बहन के मध्य प्यार के अटूट संबंध को दशार्ता है। इस पर्व पर बहन अपने भाई को रक्षा सूत्र बांध कर भाई को शुभकामनाएं देती है, वही भाई भी अपना फर्ज निभाते हुए बहन की सुरक्षा करने का प्रण लेते है।कार्यक्रम में ज्ञान प्रकाश शर्मा जी, पूजा सोनी जी, प्रीति केशकर जी, किरन जी, प्रतीक्षा श्रीवास्तव जी, ऋषिका द्विवेदी जी के साथ - साथ विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक शिक्षिकाऐं उपस्थित रहीं।

## संदीपन घाट थाना क्षेत्र में खुलेआम जुआ,15 गांवों से पहुंच रहे लोग

**तिल्हापुर मोड़, कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के उजिहिनी फरीदपुर गांव में खुलेआम जुए का फड़ संचालित होने का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यहां रोजाना दूर-दराज के क्षेत्रों से 50 से 100 लोग जुआ खेलने पहुंचते हैं,जिससे करीब 15 गांवों के लोग प्रभावित हो रहे हैं।ग्रामीणों का आरोप है कि जुआ संचालित कराने वाले लोग बाहरी लोगों को बुलाकर उनसे कमीशन लेते हैं और यह कहते हैं कि पुलिस से उनकी सेटिंग है,इसलिए किसी प्रकार की कार्रवाई का डर नहीं है और लोग निडर होकर जुआ खेलने आते हैं स्थानीय लोगों ने मुख्य रूप से बबलू गुप्ता,बच्चा निषाद,मेधि निषाद और बिल्ला भारतीय पर जुए के संचालन में शामिल होने का आरोप लगाया है। आरोप है कि इनमें से दो लोग जुआ खिलाते हैं,जबकि दो अन्य लोकेशन पर रहकर निगरानी करते हैं। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि इन्हीं के भरोसे पर बाहरी लोग यहां जुआ खेलने पहुंचते हैं।ग्रामीणों का कहना है कि इस अवैध गतिविधि के कारण कई परिवार आर्थिक संकट में फंस चुके हैं,कई घर बर्बाद हो गए हैं और नए युवाओं को भी जुए की लत की ओर धकेला जा रहा है।

# खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के वर्चुअल संबोधन से युवाओं में बढ़ा उत्साह

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** युवा भारत कौशाम्बी के तत्वावधान में खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन महामाया राजकीय महाविद्यालय कौशांबी में किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा युवाओं एवं खिलाड़ियों को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया गया, जिससे उपस्थित खिलाड़ियों और युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में देश में खेलों को बढ़ावा देने, युवा खिलाड़ियों को आगे आने तथा खेल प्रतिभाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री के संदेश ने कार्यक्रम में मौजूद युवाओं और खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला खेल अधिकारी श्री अजय साहू एवं विशिष्ट अतिथि जिला युवा कल्याण अधिकारी अंशु मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि खेलो इंडिया प्रभारी कौशाम्बी संदीप सरोज रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य सुषमा देवी ने किया । कार्यक्रम की रुपरेखा एनएसएस नोडल अधिकारी डॉ. पवन कुमार ने प्रस्तुत की । कार्यक्रम में खिलाड़ी अभिषेक पाल तथा खेलो इंडिया के कोच श्री संदीप कुमार सहित बड़ी संख्या में युवा एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे। अतिथियों ने युवाओं से खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने और अपनी प्रतिभा को निखारने का आह्वान किया कार्यक्रम के दौरान युवाओं और खिलाड़ियों के साथ खेलों से संबंधित विभिन्न विषयों पर संवाद भी किया गया। उपस्थित प्रतिभागियों ने प्रधानमंत्री के वर्चुअल संबोधन को उत्साहपूर्वक सुना और खेलों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को खेलों से जोड़ना, खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और खेलो इंडिया अभियान के माध्यम से उपलब्ध अवसरों की जानकारी युवाओं तक पहुंचाना रहा। इस अवशर पर माय भारत से अभिषेक सुश्री नमिता महाविद्यालय से प्रोफेसर अनिल सोनकर डॉ अजय कुमार डॉ नीलम बाजपेयी डॉ रीता दयाल डॉ भावना डॉ रमेश चंद्र डॉ तरित अग्रवाल डॉ शैलेश मालवीय एवम अन्य छात्र छात्राए उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का समापन संचालक डॉ अजय कुमार द्वारा सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया।

# कोखराज पुलिस ने अवैध वसूली का प्रयास करने वाले 04 आरोपियों को बोलेरो गाड़ी के साथ किया गिरफ्तार

**एक आरोपी फरार जिसकी तलाश पुलिस कर रही है**



**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना पर बाबूलाल मौर्य पुत्र राम लखन निवासी कोखराज ने सूचना दी कि वह वाहन संख्या वढ78उठ0239 पर दुधारू भैंस लोडकर प्रयागराज से उन्नाव जा रहा था,जिसका वैध प्रपत्र भी मौजूद था। दिनांक 24/25.08.2026 की रात्रि में कोखराज टोल के आगे देवप्रयाग होटल के पास सफेद रंग की बोलेरो व लाल रंग की क्रेटा कार सवार 05 लोगो द्वारा मेरी गाड़ी को जबरन रोककर अवैध धनराशि की मांग की गई धनराशि देने से मना करने पर उनके द्वारा अभद्रता/गाली-गलौज करते हुए धमकी दी गई।घटना की सूचना पर थाना कोखराज पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुये मुकदमा से सम्बन्धित 04 आरोपियों विवेक कुमार पुत्र द्वारिका प्रसाद निवासी मन्दिर मार्ग शीतला धाम थाना कड़ाधाम, अमरेश कुमार पुत्र करन नाथ निवासी पुरेधासी थाना ऊँचाहार जनपद रायबरेली, मो0 हसिम पुत्र मो० निजाम निवासी रसूलपुर थाना सलवन जनपद रायबरेली,सुनील पाल पुत्र शिवकुमार निवासी भवानीदीनपुर थाना ऊँचाहार जनपद रायबरेली को गिरफ्तार कर लिया।सीओ सिराथू सत्येंद्र तिवारी ने इस सम्बन्ध में बताया कि दुधारू भैंस मेले में ले जाते समय बोलेरो और क्रेटा गाड़ी से 5 लोगों द्वारा अवैध वसूली का प्रयास किया गया था,जिसके बाद कोखराज थाना पुलिस ने एक बोलेरो गाड़ी में सवार चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया हैजबकी एक आरोपी फरार हो गया है जिसकी तलाश की जा रही है।

# मुख्य रास्ते पर डेढ़ मीटर तक पानी,रसूलपुर ब्यूर में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित

**अखंड भारत संदेश**




**कौशांबी।** नेवादा विकास खंड के रसूलपुर ब्यूर गांव में जल निकासी की बदहाल व्यवस्था ग्रामीणों के लिए गंभीर समस्या बन गई है। लगातार बारिश के बाद गांव का मुख्य मार्ग जलमग्न है। ग्रामीणों के मुताबिक बारिश होने पर सड़क पर करीब एक से डेढ़ मीटर तक पानी भर जाता है और कई दिनों तक निकासी नहीं हो पाती। मौजूदा समय में भी मुख्य रास्ते पर जलभराव बना हुआ है। इससे ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित है और स्कूली बच्चों के स्कूल जाने में भी बाधा उत्पन्न हो रही है।ग्रामीणों के अनुसार गांव के मुख्य मार्ग पर सूरजबली पासी के घर के समीप वर्षों पुरानी गड़ही थी। बरसात के दिनों में गांव का पानी इसी गड़ही में चला जाता था। समय के साथ गड़ही के पट जाने से पानी के निकास का प्राकृतिक रास्ता समाप्त हो गया। इसके बाद बारिश का पानी मुख्य मार्ग पर जमा होने लगा। ग्रामीणों का कहना है कि समस्या कई वर्षों से बनी हुई है, लेकिन स्थायी जल निकासी की व्यवस्था नहीं की गई।मुख्य मार्ग पर आवागमन मुश्किल हो गया है।

जलभराव के कारण ग्रामीणों को पानी से होकर आवागमन करना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी की अधिक गहराई और रास्ते की स्थिति को देखते हुए अभिभावक बच्चों को स्कूल भेजने से भी कतरा रहे हैं। इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

**ठहरे पानी से संक्रमण का खतरा**

कई दिनों से पानी जमा रहने के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ने लगा है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यदि जल निकासी जल्द नहीं कराई गई तो ठहरे पानी के कारण संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। ग्रामीणों ने जल निकासी के साथ मुख्य मार्ग की सफाई और कीटनाशक दवा के छिड़काव की भी मांग की है।जल निकासी के कामों पर सवाल खडे है ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में नाली और जल निकासी की व्यवस्था के नाम पर सरकारी धन खर्च किया गया,लेकिन इसका स्थायी समाधान नहीं हुआ। बारिश के दौरान मुख्य मार्ग पर जमा पानी व्यवस्था की हकीकत सामने ला रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पूर्व में कराए गए कार्य प्रभावी होते तो आज गांव का मुख्य रास्ता जलमग्न नहीं होता। ग्रामीणों ने पूर्व प्रधान की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि पुरानी गड़ही को बचाने अथवा उसके स्थान पर वैकल्पिक जल निकासी व्यवस्था कराने की दिशा में गंभीरता नहीं दिखाई गई। ग्रामीणों के मुताबिक इसी वजह से बरसात में पानी निकासी की समस्या विकराल हो गई है।ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मामले का स्थलीय निरीक्षण कराकर जल निकासी की स्थायी व्यवस्था कराने की मांग की है। साथ ही पूर्व में नाली निर्माण एवं जल निकासी के नाम पर कराए गए कार्यों की जांच और खर्च हुए सरकारी धन के स्थलीय सत्यापन की मांग उठाई है। ग्रामीणों का कहना है कि अभिलेखों में दर्ज कार्य और मौके की स्थिति का परीक्षण होने पर ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि जल निकासी के नाम पर किए गए कार्य कितने प्रभावी रहे।

# नगर पालिका परिसर में ही जलभराव और कीचड़, शहर की व्यवस्था पर उठे सवाल

**राहुल जैन रूद्र**

**शिवपुरी। शहर** की साफ-सफाई, सड़क और जल निकासी व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालने वाली नगर पालिका के कार्यालय परिसर में ही बदहाली नजर आ रही है। बारिश के बाद परिसर की सड़क पर जगह-जगह गड्ढों में पानी भर गया है और कीचड़ के कारण आवागमन मुश्किल हो रहा है। खास बात यह है कि इसी कार्यालय में मुख्य नगर पालिका अधिकारी, अध्यक्ष, पार्षद और कर्मचारी रोजाना पहुंचते हैं। इसके बावजूद परिसर की सड़क की स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। नगर पालिका कार्यालय में शहर के विकास और नागरिक समस्याओं को लेकर रोजाना बैठकें होती हैं। सड़क, नाली, सफाई और जलभराव जैसी समस्याओं के समाधान की योजनाएं भी



बनाई जाती हैं। लेकिन कार्यालय परिसर की स्थिति इन दावों पर ही सवाल खड़े कर रही है। गड्ढों में जमा पानी और उबड़-खाबड़ रास्ते से कर्मचारियों और अन्य लोगों को गुजरना पड़ रहा है। जिम्मेदारों की नजर के सामने बदहाली कार्यालय परिसर में जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का नियमित आना-जाना है। ऐसे में परिसर की खराब सड़क और जलभराव पर अब सवाल उठने लगे हैं। लोगों का कहना है कि जब नगर पालिका अपने कार्यालय परिसर की सड़क और जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त नहीं करा पा रही है तो शहर की गलियों और कॉलोनियों में बेहतर व्यवस्था की उम्मीद कैसे की जाए। बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भरने से हादसे का खतरा भी बना हुआ है। लोगों का कहना है कि नगर पालिका को शहर की समस्याओं के साथ-साथ अपने कार्यालय परिसर की स्थिति पर भी ध्यान देना चाहिए। तस्वीरों में नजर आ रही बदहाली व्यवस्था की निगरानी और रखरखाव पर सवाल खड़े कर रही है।

अब देखना यह है कि नगर पालिका प्रशासन अपने ही कार्यालय परिसर की इस समस्या को कब गंभीरता से लेता है और जलभराव व गड्ढों से निजात दिलाने के लिए ठोस कदम उठाता है।

# आवास विकास में फिर चोरों का आतंक, छत पर पहुंचे चोर, शोर मचाने पर भागे



**सुल्तानपुर। नगर** कोतवाली थाना क्षेत्र की शाहगंज चौकी अंतर्गत आवास विकास परिसर में चोरों के हौसले एक बार फिर बुलंद नजर आए। बुधवार देर रात चोर शिक्षक ओंकार पाल के घर की छत पर जा पहुंचे और वहां लगे एसी का आउटडोर चोरी कर ले जाने का प्रयास किया। हालांकि शिक्षक के जाग जाने और शोर मचाने पर चोर मौके से फरार हो गए।

बताया जाता है कि शिक्षक ओंकार पाल बुधवार देर रात वॉशरूम जाने के लिए उठे थे। इसी दौरान उन्हें छत की तरफ से खटखटाहट की आवाज सुनाई दी। संदेह होने पर उन्होंने आवाज लगाई तो चोर घबरा गए और मौके से भाग निकले। शिक्षक ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी है।

एक पखवाड़े पहले भी हुई थी लाखों की चोरी आवास विकास परिसर में चोरी की यह पहली घटना नहीं है। करीब एक पखवाड़े पूर्व लेखपाल सर्वेंद्र पटेल के नवनिर्मित मकान को भी चोरों ने निशाना बनाया था। चोर मकान से लाखों रुपये कीमत के विद्युत तार, नल की टोटियां समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए थे।लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से आवास विकास परिसर में रहने वाले लोग भयभीत हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि परिसर के अंदर देर रात तक अराजक तत्वों का जमावड़ा रहता है। लोगों के मुताबिक इन दिनों पुलिस की गश्त भी पहले की अपेक्षा कम हो गई है, जिसका फायदा चोर और असामाजिक तत्व उठा रहे हैं।

पुलिस चौकी बनाने की उठी मांग आवास विकास परिसर में 500 से अधिक परिवार निवास करते हैं। इसके अलावा इसी परिसर में भारतीय जीवन बीमा निगम की मुख्य शाखा भी स्थित है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन रहता है। इसके बावजूद परिसर में चोरी की घटनाएं लगातार सामने आने से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।स्थानीय लोगों ने नवागत पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल से आवास विकास परिसर में रात्रि गश्त बढ़ाने के साथ ही परिसर के अंदर स्थायी पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि आवास विकास जैसे बड़े आवासीय परिसर में पुलिस चौकी होने से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी और संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी तरीके से नजर रखी जा सकेगी।लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते सुरक्षा व्यवस्था मजबूत नहीं की गई तो आने वाले दिनों में कोई बड़ी वारदात हो सकती है। अब देखना है कि लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के बाद पुलिस प्रशासन आवास विकास परिसर के निवासियों की सुरक्षा के लिए क्या कदम उठाता है।

# मुक्तिधाम नहीं मिला तो खेत में हुआ अंतिम संस्कार, बारिश में टायरों के सहारे जलाया शव

**अखंड भारत संदेश**

**शिवपुरी।** विकास की योजनाओं और गांवों में मूलभूत सुविधाओं के दावों के बीच कोलारस जनपद की ग्राम पंचायत कुमरौआ के अमरपुर टपरियन गांव की तस्वीर व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है। गांव में मुक्तिधाम नहीं होने के कारण एक महिला के अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को खेत का सहारा लेना पड़ा। बारिश के कारण लकड़ियों की पर्याप्त व्यवस्था नहीं हो सकी तो शव को जलाने के लिए साइकिल के टायरों का इस्तेमाल करना पड़ा।ग्रामीण सचिन कुशवाह के मुताबिक उनकी भाभी मनीषा कुशवाह का निधन हो गया था। गांव में अंतिम संस्कार के लिए कोई निर्धारित स्थान नहीं है। सामान्य दिनों में नदी किनारे अंतिम संस्कार किया जाता है, लेकिन बारिश के दौरान नदी का जलस्तर बढ़ने और रास्ता खराब होने के



कारण वहां शव ले जाना मुश्किल हो गया। इसके बाद परिवार ने खेत में ही अंतिम संस्कार करने का फैसला किया।

बारिश के बीच अंतिम संस्कार के लिए पर्याप्त सूखी लकड़ियां भी नहीं मिल सकीं। ऐसे में परिजनों को साइकिल के टायरों का सहारा लेना पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि अंतिम विदाई जैसे संवेदनशील मौके पर परिवार को इस तरह की परेशानी से गुजरना सरकारी व्यवस्था की गंभीर कमी को दशार्ता है।

वर्षों से मांग, फिर भी नहीं बना मुक्तिधाम

ग्रामीणों के अनुसार गांव में मुक्तिधाम बनाने की मांग लंबे समय से की जा रही है। पंचायत और संबंधित अधिकारियों को कई बार आवेदन देने के बावजूद अब तक निर्माण नहीं हो सका। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते मुक्तिधाम की व्यवस्था हो जाती तो परिवार को बारिश के बीच खेत में अंतिम संस्कार करने के लिए मजबूर नहीं होना पड़ता।

सीएम हेल्पलाइन में शिकायत के बाद दबाव का आरोप

सचिन कुशवाह ने बताया कि उन्होंने मुक्तिधाम निर्माण की मांग को लेकर सीएम हेल्पलाइन 181 पर शिकायत दर्ज कराई थी। उनका आरोप है कि शिकायत के बाद उसे वापस लेने के लिए उन पर दबाव बनाया जा रहा है। हालांकि, इस आरोप की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है।

घटना के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन से गांव में जल्द से जल्द व्यवस्थित मुक्तिधाम बनाने की मांग की है।

उनका कहना है कि अंतिम संस्कार जैसी बुनियादी जरूरत के लिए किसी परिवार को भविष्य में खेत या नदी किनारे की असुविधाजनक परिस्थितियों पर निर्भर न रहना पड़े।

# रक्षाबंधन पर छात्राओं ने एसपी अभिमन्यु मांगलिक को बांधी राखी

**फतेहपुर। रक्षाबंधन** पर्व के उपलक्ष्य में स्कूली छात्राओं के प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षकों के साथ पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक से भेंट की। छात्राओं ने एसपी की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर दीघार्यु की कामना की और तिलक लगाकर अभिनंदन किया।

छात्राओं ने कहा कि पुलिस समाज की सच्ची रक्षक है, इसलिए सम्मान व्यक्त करने के लिए उन्होंने यह पर्व पुलिस अधिकारियों के साथ मनाया।

एसपी ने छात्राओं के प्रयास की



सराहना करते हुए रक्षाबंधन की शुभकामनाएं और उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। साथ ही मिशन शक्ति के तहत हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 1098 व साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

# गाजीपुर के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति का सुनहरा अवसर,एन एम एम एस परीक्षा के आवेदन शुरू


**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर । जनपद** के विद्यार्थियों के लिए शैक्षिक प्रोत्साहन एवं आर्थिक सहायता की दिशा में महत्वपूर्ण अवसर उपलब्ध हुआ है। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा 2027-28 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 18 अगस्त 2026 से प्रारम्भ हो चुकी है। इच्छुक एवं पात्र छात्र-छात्राएँ निर्धारित समयावधि में ऑनलाइन आवेदन कर इस महत्वपूर्ण छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। योजना के अंतर्गत शैक्षिक सत्र 2025-26 में कक्षा 7 उत्तीर्ण विद्यार्थी, निर्धारित न्यूनतम अंकों के साथ पात्र होंगे। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को निर्धारित नियमानुसार अंकों में छूट का प्रावधान है। साथ ही, ऐसे छात्र-छात्राएँ जो सत्र 2025-26 में राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त अथवा स्थानीय निकाय के विद्यालय में कक्षा 8 में अध्ययनरत हैं तथा जिनके अभिभावक की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय ?

# जिला अस्पताल से बैंक ऑफ बड़ौदा तक घंटों फंसे रहे वाहन, ट्रैफिक पुलिस ने खुलवाया जाम

**अखंड भारत संदेश**

**फतेहपुर। शहर** में जाम की समस्या थमने का नाम नहीं ले रही है। गुरुवार को जिला अस्पताल से लेकर बैंक ऑफ बड़ौदा तक मुख्य मार्ग पर लंबा जाम लग गया। सैकड़ों वाहन घंटों तक जाम में फंसे रहे, जिससे राहगीरों, मरीजों और स्कूली बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही यातायात उप निरीक्षक लाल जी सविता मौके पर पहुंचे और जाम खुलवाने का प्रयास शुरू किया। पुलिस ने रोड किनारे आड़ी-तिरछी खड़ी चार पहिया वाहनों का



चालान भी किया। काफी मशक्कत के बाद यातायात को सुचारू कराया जा सका।जाम की मुख्य वजह क्या है स्थानीय लोगों के अनुसार शहर में जाम की दो सबसे बड़ी वजह हैं, ई-रिक्शा चालकःमुख्य चौराहों और सड़क के बीचों-बीच सवारी भरने के लिए खड़े हो जाते हैं।अव्यवस्थित पार्किंगः लोग अपनी मोटरसाइकिल और कार को सड़क किनारे उल्टा-सीधा खड़ा कर देते हैं। शहर के लगभग सभी प्रमुख चौराहों और मुख्य मार्गों पर आए दिन यही नजारा देखने को मिलता है।अतिक्रमण अभियान बौना साबित, नगर पालिका परिषद द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया तो जाता है।

# रक्षाबंधन पर बस अड्डे पर उमड़ा जनसैलाब बारिश ने बढ़ाई यात्रियों की मुसीबत

**अखंड भारत संदेश**

**फतेहपुर। रक्षाबंधन** पर्व के चलते घर जाने वाले यात्रियों की संख्या में भारी इजाफा हुआ है। फतेहपुर बस स्टैंड और रोडवेज में यात्रियों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है कानपुर,फतेहपुर, खागा प्रयागराज , फतेहपुर रूट की बसें पूरी तरह फुल चल रही हैं। सुबह के 5:00 बजे से लोग कर रहे हैं इंतजार,वहीं लगातार हो रही बारिश ने यात्रियों




की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। बसों का इंतजार कर रहे लोगों को बारिश के बीच भीगते हुए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।हालांकि इस अफरा-तफरी के बीच भी त्योहार की खुशी बरकरार है। लोग अपने घर पहुंचने के लिए इस चुनौती भरे सफर को भी खुशी-खुशी तय कर रहे हैं।

# रक्षाबंधन से पहले पुलिस का सख्त पहरा, 13 शोहदों पर मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर। रक्षाबंधन** पर्व को देखते हुए महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर गाजीपुर पुलिस ने निगरानी बढ़ा दी है। शासन के निर्देश पर 26 से 28 अगस्त तक तीन दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत बाजारों, शिक्षण संस्थानों, मॉल, पार्क, चौराहों और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस की गश्त बढ़ाई गई है। अभियान के दौरान पुलिस की एंटी रोमियो और मिशन शक्ति टीमें लगातार सक्रिय हैं। महिला पुलिसकर्मियों को संवेदनशील स्थानों पर सादे कपड़ों और वर्दी में तैनात किया गया है। ये टीमें सार्वजनिक स्थानों पर संदिग्ध



गतिविधियों और महिलाओं व बालिकाओं से छेड़छाड़ करने वालों पर नजर रख रही हैं।

पुलिस के अनुसार अभियान के दौरान जिले में 263 स्थानों पर सघन जांच की गई। इस दौरान 2421 लोगों की जांच हुई, जबकि 1706 लोगों को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि महिलाओं और बालिकाओं से अभद्रता या छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

13 शोहदों पर मुकदमा

अभियान के तहत अब तक 13 शोहदों और अराजक तत्वों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296 के तहत कार्रवाई की गई है। इसके अलावा 60 लोगों के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धाराओं 126, 135 और 170 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई की गई। तीन लोगों पर गुंडा अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर अनावश्यक रूप से घूमने वाले और संदिग्ध गतिविधियों में शामिल युवकों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस टीमों को निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई सुनिश्चित करें। रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए पुलिस की ओर से बाजारों और प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

# जेल में भाइयों की कलाई पर सजेंगी बहनों की राखी, 250 ग्राम मिठाई ले जाने की अनुमति




**अखंड भारत संदेश**

**शिवपुरी।** रक्षाबंधन पर शुक्रवार को सर्किल जेल शिवपुरी में बंदियों और उनके परिजनों की खुली मुलाकात होगी। सुबह नौ बजे से दोपहर 2:30 बजे तक होने वाली मुलाकात में बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांध सकेंगी। जेल प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए मुलाकात के लिए विशेष नियम तय किए हैं। पुरुष बंदियों से मिलने के लिए परिवार की महिला सदस्यों और छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों को ही जेल गेट के अंदर प्रवेश मिलेगा। प्रत्येक बंदी से मुलाकात के लिए अधिकतम 10 मिनट का समय निर्धारित किया गया है।

परिजनों को आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, पैन कार्ड, राशन कार्ड या ड्राइविंग लाइसेंस में से कोई एक वैध पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा। जेल के अंदर मोबाइल फोन, पर्स, नकदी और कीमती सामान ले जाने पर रोक रहेगी। बंदियों को नकद रुपये देने की भी अनुमति नहीं होगी।

रक्षाबंधन पर परिजन साधारण राखी के साथ अधिकतम 250 ग्राम मिठाई, गजक या सोनपपड़ी ले जा सकेंगे। घर का बना भोजन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। जेल प्रशासन की ओर से राखी बांधने के लिए पूजा की थाली उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं, महिला बंदियों द्वारा बनाई गई राखियां जेल कैंटीन से खरीदी जा सकेंगी। जेल प्रशासन ने परिजनों से तलाशी प्रक्रिया में सहयोग करने और सभी नियमों का पालन करने की अपील की है। नियम तोड़ने पर मुलाकात निरस्त करने के साथ संबंधित बंदी के खिलाफ जेल अपराध दर्ज किया जा सकता है।

# महंत राजू दास के खिलाफ एफआईआर और गिरफ्तारी की मांग, मोस्ट ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**सुलतानपुर**

**मोस्ट** कल्याण संस्थान के बैनर तले मोस्ट ब्लॉक प्रमुख धनपतगंज रामाकांत यादव के नेतृत्व में राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन में लिखा है कि बीते 24 अगस्त को लगभग दोपहर 12 बजे कुंवर निषाद अपने निवास से डी.डी. न्यूज पर आयोजित एक लाइव टीवी डिबेट में शामिल थे। उक्त लाइव टीवी डिबेट के दौरान अयोध्या स्थित हनुमानगढ़ी मंदिर के महंत राजू दास द्वारा निषाद समुदाय का होने के कारण बार-



बार माँ को लेकर गाली सहित अत्यंत आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए धमकी दी गई,जो कि संविधान के अनुच्छेद 19 में वर्णित अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का घोर उल्लंघन है।

# कुड़वार थाने में गूंजी रक्षाबंधन की खुशियां, छात्राओं ने पुलिसकर्मियों को बांधी राखी

**अखंड भारत संदेश**

**सुलतानपुर रक्षाबंधन** पर कुड़वार थाना परिसर में भाई-बहन के अटूट रिश्ते की अनूठी मिसाल देखने को मिली।क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों से पहुंचीं छात्राओं ने थाना प्रभारी प्रवीण कुमार यादव समेत पुलिसकर्मियों की कलाई पर राखी बांधी और मिठाई खिलाकर पर्व की खुशियां साझा कीं।राखी बंधवाने के बाद थाना प्रभारी ने छात्राओं को उपहार देकर उनकी सुरक्षा और सम्मान का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि खाकी सिर्फ कानून-व्यवस्था की



जिम्मेदारी नहीं निभाती,बल्कि बेटियों और बहनों की सुरक्षा के लिए भी हर समय तत्पर है।पुलिसकर्मियों ने छात्राओं की हर परिस्थिति में मदद करने का संकल्प लिया।ड्यूटी के चलते परिवार से दूर पुलिसकर्मियों के लिए छात्राओं का यह स्नेह भावुक कर देने वाला रहा।थाने में कुछ देर के लिए पुलिस चौकी नहीं, बल्कि भाई-बहन के रिश्तों से सजा परिवार नजर आया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर हुई चतुर्थ चरण की बैठक

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आगामी 12 सितंबर को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर गुरुवार को प्रशासनिक अधिकारियों की तृतीय चरण की बैठक हुई। जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष शेषमणि शुक्ला के निर्देशन में अपर जिला जज एफटीसी एवं नोडल अधिकारी लोक अदालत राममणि पाठक ने बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में अपर जिला जज ने अधिकारियों से अपने-अपने विभागों से संबंधित अधिक से अधिक ऐसे मामलों को चिह्नित करने के निर्देश दिए, जिनका निस्तारण लोक अदालत के माध्यम से संभव है। साथ ही इन मामलों में पक्षकारों को कम से कम दो बार नोटिस तामील कराकर समझौते के आधार पर मामलों के निस्तारण का प्रयास करने को भी कहा। इस दौरान प्राधिकरण की सचिव इला चैधरी ने बताया कि लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, एनआइ एक्ट, मोटर दुर्घटना प्रतिकर, बैंक वसूली, श्रम, विद्युत, जल, पारिवारिक एवं वैवाहिक विवाद, राजस्व, चकबंदी, भूमि अधिग्रहण, किरायेदारी और सिविल वादों समेत ई-चालान व प्री-लिटिगेशन मामलों का निस्तारण किया जाएगा। इस मौके पर उपप्रभागीय वनाधिकारी राजीव रंजन सिंह, लोक निर्माण विभाग से सुशील श्रीवास्तव, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत एस.एम. कश्यप, जिला सूचना अधिकारी सुरेन्द्र कुमार, अधीक्षण अभियन्ता जल संस्थान फरहत हुसैन, बाट माप विभाग से निर्भय सिंह आदि मौजूद रहे।इसी क्रम में जिला न्यायालय परिसर में स्थायी लोक अदालत के क्षेत्राधिकार और जनोपयोगी सेवाओं को लेकर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर भी आयोजित हुआ। जिसमें बताया गया कि स्थायी लोक अदालत का गठन विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 की धारा 22-बी के तहत किया गया है। जिसमें बिजली, पानी, अस्पताल, परिवहन और बीमा जैसी जनोपयोगी सेवाओं से जुड़े विवादों का मुकदमे से पहले सौहार्दपूर्ण समाधान किया जाता है। लोक अदालत का उद्देश्य वैकल्पिक विवाद निपटान को बढ़ावा देना और पारंपरिक न्यायालयों के बोझ को कम करना है। यह केवल उन्हीं मामलों पर निर्णय दे सकती है जो उसके क्षेत्र और विषयगत दायरे में आते हैं।

# रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर गुलजार जनपद का बाजार, उमड़ी लोगों की भीड़

## सुबह 5:57 से 9:48 बजे तक शुभ मुहूर्त

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाई-बहन के प्रेम, स्नेह और विश्वास का पर्व रक्षाबंधन शुक्रवार को मनाया जाएगा। पर्व की पूर्व संध्या पर जिला मुख्यालय की नई बाजार, पुरानी बाजार और शंकर बाजार में राखियों की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही बाजारों में चहल-पहल रही और देर शाम तक लोग अपनी पसंद की राखियां, मिठाइयां और उपहार खरीदते नजर आए।

इस बार बाजार में क्रिस्टल वर्क, मोती, रुद्राक्ष, कार्टून कैरेक्टर और आकर्षक रंगों वाली राखियों की मांग अधिक है। तुलसी की लकड़ी से बनी इको-फ्रेंडली राखियां भी लोगों को पसंद आ रही हैं। बच्चों के लिए डोरेमॉन, छोटा भीम, स्पाइडरमैन, यूनिकॉर्न और मिकी माउस वाली राखियां विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। दुकानदारों के अनुसार बाजार में 10 से 200 रुपये तक की राखियां उपलब्ध हैं। महंगी राखियों में डिजाइन, पैकिंग और सजावटी सामग्री के साथ छोटे उपहार भी दिए जा रहे हैं।

पंचांग के अनुसार रक्षाबंधन 28 अगस्त को मनाया जाएगा। पूर्णिमा तिथि 27 अगस्त सुबह 9:08 बजे शुरू होकर 28 अगस्त सुबह 9:48 बजे तक रहेगी। भद्रा सूर्योदय से पहले समाप्त हो जाएगी। राखी बांधने का प्रमुख शुभ मुहूर्त सुबह 5:57 से 9:48 बजे तक बताया गया है। इस दौरान बहनें भाई की कलाई पर राखी बांधकर आरती करेंगी और मिठाई खिलाएंगी।रक्षाबंधन श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। मान्यता है कि बहन भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उसके सुख, समृद्धि और दीर्घायु की कामना करती है, जबकि भाई बहन की रक्षा का संकल्प लेता है। पर्व को लेकर मिठाई, कपड़े, चूड़ी और सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों पर भी खरीदारी बढ़ी है। दुकानदारों को त्योहार के दिन तक कारोबार में और तेजी आने की उम्मीद है।

# पंचायत उत्सव भवन की जांची गई गुणवत्ता

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल के नेतृत्व में गुरुवार को विकासखंड पहाड़ी की ग्राम पंचायत जकजाफर में निर्माणाधीन पंचायत उत्सव भवन का स्थलीय निरीक्षण कर गुणवत्ता की जांच की गई। जांच के लिए खंड विकास अधिकारी पहाड़ी और जिला पंचायत के अभियंता की टीम गठित की गई थी। निरीक्षण के दौरान भवन में पिलर स्तर का निर्माण कार्य प्रगति पर मिला। टीम ने निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री और निर्धारित मानकों का जायजा लिया। सीडीओ ने बताया कि निर्माण कार्य स्वीकृत मानकों के अनुरूप कराया जा रहा है और गुणवत्ता संतोषजनक पाई गई। बारिश के कारण भवन के चारों ओर जलभराव मिला। इस समस्या को दूर करने के लिए संबंधित कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए गए।

## शिक्षण संस्थानों में पंत जयंती पर होंगे कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत का 139वां जन्मदिवस 10 सितंबर को मनाया जाएगा। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि देशभर में पिछले दो दशक से आयोजित समारोहों में 17 से 18 लाख लोगों ने भारत रत्न पंड़ित गोविंद बल्लभ पंत को श्रद्धांजलि दी है। गत वर्ष भी देश के करीब 70 स्थानों पर जयंती समारोह आयोजित किए गए थे। जिसके क्रम में इस वर्ष भी पंड़ित पंत की जयंती पर जिले में सूचना, शिक्षा, संस्कृति और खेल विभाग के साथ ही स्कूलों व कॉलेजों में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्यक्रमों का अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

# रक्षाबंधन पर्व पर मिलावटी खाद्य सामग्री की बिक्री पर रोकथाम के लिए चला छापामार अभियान

**अखंड भारत संदेश**




**चित्रकूट।** रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने विशेष अभियान चलाया। जिसके तहत सहायक आयुक्त खाद्य शशांक त्रिपाठी के निर्देश पर कर्वी, बरगढ़, मानिकपुर, मऊ और राजापुर क्षेत्र में दुकानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के कुल 19 नमूने जांच के लिए संग्रहित किए गए।

अभियान के दौरान सदर क्षेत्र सहित सभी तहसील क्षेत्रों में संचालित प्रतिष्ठानों से चटनी, छेना, बूंदी के लड्डू, बर्फी, खट्टी चटनी, खोया बर्फी, पनीर, मिश्रित दूध, मटका कुल्फी, केसर-पिस्ता व अमेरिकन नट फ्रोजन डेजर्ट, लाइको रेड सिरप, सिरप, ड्राई फ्रूट्स और वालनट कर्नेल्स के नमूने लिए गए। इन सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। टीम ने राजापुर और मऊ क्षेत्र में कई खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण भी किया। यहां कोई आपत्तिजनक खाद्य सामग्री नहीं मिली, लेकिन खाद्य कारोबार में नियमों के उल्लंघन की कमियां सामने आईं।

कर्मचारियों के मेडिकल प्रमाणपत्र उपलब्ध नहीं थे। खाद्य पदार्थों में प्रयुक्त कच्चे माल की खरीद रसीदें और पेयजल की जांच रिपोर्ट भी नहीं मिली। कई स्थानों पर खाद्य पदार्थ खुले में रखकर बेचे जा रहे थे। विभाग ने संबंधित कारोबारियों को कमियां दूर करने के लिए नोटिस जारी किए हैं।

# खेल दिवस पर हॉकी व कबड्डी प्रतियोगिताएं

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** क्रीडाधिकारी चित्रकूटधाम मण्डल अरविन्द कुमार सोनकर ने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 29 अगस्त को जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेलेगा भारत, जीतेगा भारत थीम पर प्रातः 10:00 बजे से 14 वर्ष से कम आयु के बालकों की हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसमें विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाडियों को पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। इसी प्रकार 30 अगस्त को प्रातः 09:00 बजे सीनियर बालक-बालिका बैडमिन्टन प्रतियोगिता व सन्डे साइकिल डे, स्पोर्ट्स बंधन व पास द बॉल का कार्यक्रम भी किया जा रहा है। इसके अलावा 31 अगस्त को प्रातः 09:00 बजे सीनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न विद्यालयों, संस्थाओं, क्लब की टीमों ने प्रतिभाग किया है। एथलेटिक्स प्रशिक्षक अंगद सिंह व अख्तर हुसैन से सम्पर्क कर इनमें प्रतिभाग कर सकते है।

## डॉ. उमेश शुक्ला बने दूरवर्ती शिक्षा एवं सतत शिक्षा केंद्र के निदेशक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय ने दूरवर्ती शिक्षा एवं सतत शिक्षा केंद्र के निदेशक पद पर कृषि संकाय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. उमेश कुमार शुक्ला की नियुक्ति की है। विश्वविद्यालय के आदेश के अनुसार उन्हें केंद्र का पूर्णकालिक निदेशक बनाया गया है, जबकि कला संकाय के प्रोफेसर डॉ. कमलेश थापक को अतिरिक्त दायित्व से मुक्त कर दिया गया है। कुलसचिव प्रो. आञ्जनेय पांडेय ने बताया कि आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। डॉ. शुक्ला मुख्य सुरक्षा अधिकारी और राष्ट्रीय सेवा योजना के इकाई समन्वयक भी हैं। उनके अनुभव से 'ग्रामोदय आपके द्वार' सहित प्रदेशभर के शिक्षार्थी परामर्श केंद्रों की गतिविधियों को गति मिलने की उम्मीद है।

## बरगढ़-अरवरी माग का गड्ढा बना जानलेवा

**अखंड भारत संदेश**


**चित्रकूट।** बरगढ़-अरवरी मार्ग पर सेमरा के पास सड़क में बना गहरा गड्ढा राहगीरों के लिए खतरा बना हुआ है। सामाजसेवी अवध बिहारी मौर्य ने सड़क की बदहाल स्थिति पर नाराजगी जताते हुए संबंधित विभाग से शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मार्ग पर आवागमन करने वाले लोगों को गड्ढे के कारण दुर्घटना का खतरा बना रहता है। मौर्य ने प्रशासन को एक सितंबर तक गड्ढा ठीक कराने का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि तय समय तक सड़क की मरम्मत नहीं हुई तो वह उसी स्थान पर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन शुरू करेंगे। उनका कहना है कि सड़क की मरम्मत होने तक धरना जारी रहेगा और जनता की सुरक्षा से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# जिला अस्पताल में 22 पैरामेडिकल पद खाली, मरीजों की बढ़ी परेशानी

**चीफ फार्मासिस्ट, स्टाफ नर्स, सिस्टर और फिजियोथैरेपिस्ट के पद भी रिक्त**

**दिव्य ज्योति संदेश**



**बांदा।** जिला अस्पताल पुरुष में पैरामेडिकल स्टाफ के 22 पद रिक्त होने से स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इनमें चीफ फार्मासिस्ट, स्टाफ नर्स, करीब आधा दर्जन सिस्टर, फिजियोथैरेपिस्ट समेत कई महत्वपूर्ण पद शामिल हैं। मरीजों की बढ़ती संख्या के बीच सीमित कर्मचारियों के सहारे अस्पताल की सेवाएं संचालित होने से काम का दबाव भी बढ़ गया है।

जिला अस्पताल पुरुष जनपद के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों के लिए प्रमुख उपचार केंद्र है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज यहां पहुंचते हैं। गंभीर मरीजों के उपचार में ट्रामा सेंटर की महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसे में पैरामेडिकल स्टाफ की कमी अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर चिंता बढ़ा रही है।

पैरामेडिकल कर्मचारी मरीजों की देखभाल, दवा वितरण, वार्ड व्यवस्था और चिकित्सकों के उपचार कार्य में अहम भूमिका निभाते हैं। लंबे समय से पद खाली रहने पर उपलब्ध कर्मचारियों पर अतिरिक्त जिम्मेदारी पड़ना स्वाभाविक है। इससे मरीजों को मिलने वाली सेवाओं पर भी असर पड़ने की आशंका है।

**प्रेम पाण्डेय ने उठाई आवाज...**समाजसेवी प्रेम पाण्डेय ने रिक्त पदों को लेकर स्वास्थ्य विभाग पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि 'पैरामेडिकल स्टाफ स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ की हड्डी है। अगर रीढ़ की हड्डी ही कमजोर हुई तो पूरी त्रस्वास्थ्य व्यवस्था धड़ाम हो जाएगी।'उन्होंने मांग की कि जिला अस्पताल के सभी रिक्त पैरामेडिकल पदों को जल्द भरा जाए। साथ ही ट्रामा सेंटर को आधुनिक उपकरणों और बेहतर आपातकालीन सुविधाओं से मजबूत किया जाए।

**अधिकारियों से कार्रवाई की मांग...**प्रेम पाण्डेय ने अस्पताल के वार्डों में सुविधाएं बढ़ाने और मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने की मांग की। वहीं, 22 पद खाली होने के बावजूद व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए किए जा रहे वैकल्पिक इंतजामों पर भी सवाल उठ रहे हैं। अब निगाहें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों पर हैं कि जिला अस्पताल की मानव संसाधन समस्या को दूर करने के लिए कब तक ठोस कदम उठाए जाते हैं।

# कांग्रेसियों ने स्टाल लगाकर बांटे बिस्कुट व पानी, दिया भाईचारे का संदेश

**अखंड भारत संदेश**



**बाँदा।** जिला कांग्रेस कमेटी बांदा द्वारा ईद मिलाद-उन-नबी का त्योहार बेहद धूमधाम और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह स्टाल लगाकर आम लोगों को बिस्किट और पीने का पानी वितरित किया।

इस दौरान जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने हुसैनी 72 कमेटी के पदाधिकारियों और स्थानीय युवाओं से मुलाकात की। उन्होंने पैगंबर हजरत मुहम्मद के जीवन मूल्यों को अपनाने पर जोर देते हुए समाज में प्रेम, शांति और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने कहा, 'हजरत मुहम्मद की जिंदगी हमें मोहब्बत, अमन और इंसानियत का पैगाम देती है। हमें उनके बताए रास्ते पर चलकर समाज में सद्भाव बढ़ाना चाहिए।' ड1महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा खान एडवोकेट ने भी देशवासियों को मुबारकबाद देते हुए कहा कि आका की सीरत हमें कमजोरों के प्रति संवेदनशीलता और समाज सेवा की प्रेरणा देती है।इस सेवा भाव कार्यक्रम में बुंदेलखंड राज्य निर्माण निगरानी समिति के संयोजक रमेश चन्द्र द्विवेदी, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव आकाश दीक्षित, इदरीश खान, जिला महासचिव शोएब रिजवी, अमित तिवारी, हेमंत कुमार वर्मा, बी लाल भाई, संतोष कुमार द्विवेदी, राजेश गुप्ता पप्पू, इरफान खान, सुनील चौरसिया, सैय्यद वारिस अली और सुखदेव गांधी सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बंधन स्वच्छता अभियान के तहत भाषण प्रतियोगिता, अंशिका ने मारी बाजी

**अखंड भारत संदेश**



**बांदा।** नगर पालिका परिषद बांदा के तत्वावधान एवं सहयोगी संस्था एस.डी. सेवा संस्थान के सहयोग से गुरुवार को सरस्वती विकास मंदिर, अलीगंज में 'बंधन स्वच्छता का अभियान' के तहत भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विद्यालय के करीब 70 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ समाज के निर्माण पर अपने विचार रखे।प्रतियोगिता में अंशिका ने प्रथम, पीयूष ने द्वितीय और कीर्ति ने तृतीय स्थान हासिल किया। अनुज पाल, पलक सिंह, अरुण गुप्ता सहित अन्य विद्यार्थियों ने भी प्रभावशाली ढंग से अपने विचार प्रस्तुत किए।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, डस्टबिन के सही उपयोग, गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्करण तथा होम कम्पोस्टिंग की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि घर से ही कचरे का सही प्रबंधन कर जैविक कचरे से खाद तैयार की जा सकती है। आयोजकों ने विद्यार्थियों को स्वच्छता को केवल अभियान तक सीमित न रखकर इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।


विद्यालय के प्रधानाचार्य पवन कुमार के साथ शिक्षक अजय कुमार, विनोद कुमार, हिमांशु, आशीष, अल्पना, कोमल, नैंसी, राधा कृष्णा एवं अंबिका गुप्ता मौजूद रहे। शिक्षकों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए स्वच्छता अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में सहयोग का आह्वान किया।

एस.डी. सेवा संस्थान की सचिव प्रीति साहू ने कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता बचपन से विकसित होने पर बच्चे अपने परिवार और समाज को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित कर सकते हैं। वहीं सुपरवाइजर नैंसी यादव ने छात्राओं को स्वच्छता के साथ स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों की सराहना की और स्वच्छ, स्वस्थ एवं पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प दिलाया।

# चीन के साथ सीमा पर शांति, अब समाधान की बारी, बीजिंग में डोभाल

**चीन**

**देश** के सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल चीन की राजधानी बीजिंग पहुंच रहे हैं। डोभाल पिछले कई वर्षों से चीन के साथ सीमा विवाद में भारतीय पक्ष के विशेष प्रतिनिधि के तौर पर नियुक्त हैं। बीजिंग दौरे पर डोवाल की मुलाकात चीनी विदेश मंत्री से होनी है। लेकिन दोनों के बीच यह द्विपक्षीय बैठक क्यों अहम हो जाती है? क्या दशकों पुराने सीमा विवाद को सुलझाने की दिशा में डोभाल का यह दौरा जो है निर्णायक साबित होगा? देश के सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल एलएसी पर चीन के साथ मुख्य वातार्कार हैं। इस पर चीन की सहमति भारत के लिए पहली कूटनीतिक जीत है। क्योंकि दुनिया जानती है अजीत डोभाल जिस मसले की जिम्मेदारी उठाते हैं वो मसला हल हो ही जाता है। अजीत डोभाल जब बीजिंग पहुंचेंगे तब चीन के अपने काउंटर पार्ट विदेश मंत्री वांग यी के साथ वार्ता एलएसी पर निर्णायक मोड़ ले सकती है।



डोभाल के लिए पहली बार नहीं बल्कि वांग यी के साथ एलएसी समिट के दौरान भी वह मिल चुके हैं और यह उम्मीद जता चुके हैं कि भारत के साथ चीन एलएसी पर पुराने विवाद को लेकर सकारात्मक है। वांग यी के साथ अजीत डोभाल पहले भी मिल चुके हैं और दोनों के बीच आपसी तालमेल बेहतर माना जाता है। अबकी बार अजीत डोभाल के बीजिंग दौरे पर भी इसलिए उम्मीद जताई जा रही है। अजीत डोभाल चीनी विदेश मंत्री वांग यी के साथ 25वें दौर की वार्ता में शामिल हैं। वांग और डोभाल भारत और चीन की तरफ से नियुक्त विशेष प्रतिनिधि हैं। वार्ता का मकसद 3448 किमी लंबी एलएसी पर तनाव घटाना है। इसके साथ सीमा से जुड़े मुद्दों का स्थाई समाधान तलाशने पर भी बात होगी। विशेष प्रतिनिधि स्तर पर बातचीत की व्यवस्था 2003 में की गई थी ताकि एक टाइम फ्रेम में सीमा विवाद दोनों पक्षों की सहमति से सुलझाया जा सके।

अजीत डोभाल और वांग यी के बीच बैठक इसलिए भी अहम है क्योंकि यह चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की भारत यात्रा से ठीक पहले हो रही है।

शी जिनपिंग 12 और 13 सितंबर को नई दिल्ली में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने आ सकते हैं। शी जिनपिंग की यात्रा के बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं है। लेकिन दोनों तरफ के अधिकारी चीनी नेता के शामिल होने को लेकर उम्मीद लगाए हुए हैं। शिखर सम्मेलन से इत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी बैठक भी हो सकती है। जिसमें द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने की पहलों पर चर्चा हो सकती है।

# पहले हंसे, फिर किया इशारा, कुछ इस तरह तुर्किए-पाकिस्तान-बांग्लादेश की जयशंक ने उड़ा दी नींद!

**तुर्की**

**भारत** के विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने एक ही दिन में एक ऐसा तहलका मचा दिया जिससे चार देशों की असली हैसियत पूरी दुनिया के सामने आ गई। पाकिस्तान, तुर्की और सऊदी। इनका इस्लामिक नाटो और बांग्लादेश जो इनके नक्शे कदम पर है। इन चारों देशों को विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने एक ही दिन में एक ही बयान से ऐसा धोया कि इनकी सारी चालबाजी, सारी साजिश हवा में उड़ गई। कुछ कहने से पहले ही इनके एक्सप्रेशनंस ने वो काम कर दिया कि पूरा हॉल और सोशल मीडिया हिल गया। दरअसल बता दें कि पाकिस्तान और तुर्की ने सऊदी अरब के साथ मिलकर मक्का डिफेंस एग्रीमेंट साइन किया है। जिसके तहत एक देश पर हमला तीनों देशों पर हमला माना जाएगा। इस डिफेंस एग्रीमेंट को बढ़ाने की तैयारी हो रही है ताकि यह भारत और इजराइल के खिलाफ इस्लामिक नाटो में बदल जाए। अब इस तिगड़ी में शामिल होने के लिए बांग्लादेश ने भी अपनी इच्छा जता दी।




इसी कड़ी में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने पाकिस्तान और तुर्की को सबसे पहले आईना दिखाया और फिर उसके बाद बांग्लादेश को भी निपटाया। दरअसल डॉ एस जयशंकर से यह सवाल पूछा गया कि पाकिस्तान, तुर्की और सऊदी अरब ने मक्का पैक्ट साइन कर लिया है। इसका भारत पर क्या असर पड़ने वाला है? अब इस सवाल का जवाब देते हुए डॉक्टर एस जयशंकर ने कहा कि तीनों देशों के सामने मौजूदा समय में सैन्य परिस्थितियां बनी हुई है। एस जयशंकर के कहने का मतलब है कि तीनों देश मौजूदा समय में किसी दूसरे देश से पिट रहे हैं। ऐसे में सवाल यह है कि मक्का समझौते ने इन हालात से निपटने के लिए इन तीनों देशों के लिए अभी तक क्या किया? मक्का एग्रीमेंट पर डॉ एस जय शंकर ने कहा कि जब खुद के घर शीशे के हो तो दूसरों पर पत्थर नहीं फेंके जाते। एस जयशंकर साहब ने सीधे इन तीनों की धज्जियां उड़ाते हुए यह भी कहा कि जिस डिफेंस पैक्ट की तुम ढींगे हाक रहे हो, उसने तुम्हारी सुरक्षा के लिए जमीन पर क्या उखाड़ लिया।

पाकिस्तान को बलूचिस्तान और अफगानिस्तान में इस समय ये लोग धो रहे हैं। तुर्की के अड्डों पर इजराइल का खौफ मंडरा रहा है और वहीं सऊदी अरब को यमन के जो हुती रिबेल्स हैं ये आए दिन धूल चटा रहे हैं। जब खुद ही चारों खाने चित पड़े हैं तो ये इस्लामिक नाटो सिर्फ कागज का खिलौना बनकर रह गए हैं। जैसे ही बात बांग्लादेश और वहां की अस्थिरता पर आई तो डॉक्टर जयशंकर साहब ने बिना किसी लाग लपेट के दूध का दूध और पानी का पानी कर दिया। बांग्लादेश जो पाकिस्तान और तुर्की की राह पर चलकर भारत को आंख दिखाने की भूल कर रहा था उसे विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने इसी बयान से गहरी नींद से जगा दिया।

# पश्चिम एशिया संकट में पाकिस्तान सेना प्रमुख का ईरान दौरा, सऊदी रक्षा समझौते पर उठ रहे बड़ा सवाल

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** के आर्मी चीफ आसिम मुनीर सोमवार को ईरानी अधिकारियों से बातचीत के लिए तेहरान पहुँचे। तेहरान ने इस दौरे को दोनों देशों के बीच बहुत अच्छे और खास रिश्तों का हिस्सा बताया है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि मुनीर का दौरा सोमवार के लिए तय था और यह दोनों देशों के बीच आपसी रिश्तों के दायरे में होगा। मुनीर के आने से पहले एक प्रेस ब्रीफिंग में बघाई ने कहा ईरान और पाकिस्तान के बीच आपसी रिश्ते सचमुच अपने सबसे अच्छे दौर से गुजर रहे हैं, और दोनों पक्ष हर क्षेत्र में इन रिश्तों को दिन-ब-दिन बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब पाकिस्तान, ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते क्षेत्रीय तनाव और लगातार चल रही खींचतान के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाने की कोशिश कर रहा है।



पाकिस्तान ने पहले भी पश्चिम एशिया संघर्ष के दौरान वाशिंगटन और तेहरान के बीच बातचीत में मदद की है, जिसमें जून में एक अंतरिम समझौते की कोशिशें भी शामिल थीं, जो बाद में विफल हो गईं। जब पूछा गया कि क्या मुनीर का दौरा ओमान के विदेश मंत्री बद्र बिन हमद अल बुसैदी के तेहरान दौरे से जुड़ा है, तो बघाई ने कहा कि दोनों दौरों का आपस में कोई संबंध नहीं है और वे बस एक ही समय पर हो रहे हैं। बघाई ने कहा ओमान दौरे का इससे कोई लेना-देना नहीं है; यह बस लगभग एक ही समय पर हो रहा है। अल बुसैदी मंगलवार को ईरानी अधिकारियों के साथ बातचीत के लिए तेहरान जाने वाले हैं। इस बातचीत में द्विपक्षीय संबंधों, क्षेत्रीय सुरक्षा और होर्मुज जलडमरूमध्य तथा समुद्री यातायात से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है। मुनीर का यह दौरा पाकिस्तान, सऊदी अरब और तुर्की द्वारा 7 अगस्त को मक्का संयुक्त रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर करने के कुछ समय बाद हो रहा है। इस समझौते में कहा गया है कि तीनों देशों में से किसी एक पर भी हुआ सशस्त्र हमला तीनों पर हमला माना जाएगा और इसमें बेहतर रक्षा सहयोग और सामूहिक रूप से रोकने की क्षमता (डिटरेंस) की व्यवस्था है। सऊदी अरामको की जाजान रिफाइनरी पर हूथी ड्रोन हमले के बाद इस समझौते की समीक्षा की जा रही है।

यह घटना समझौते पर हस्ताक्षर होने के ठीक दो दिन बाद हुई और इससे यह सवाल उठा कि सामूहिक रक्षा की प्रतिबद्धता असल में कैसे काम करेगी।

# मजहबीबलूचिस्तान के मस्तुंग और चमन में 5 शव बरामद, पाकिस्तान में मारे गए लोग संकट में पड़ गए

**बलूचिस्तान**

**बलूचिस्तान** के अलग-अलग इलाकों - जैसे मस्तुंग, चमन और सोहबतपुर - से पांच शव बरामद किए गए हैं। मस्तुंग ज़िले के खाद कोचा इलाके में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। स्थानीय सूत्रों का कहना है कि ऐसा लगता है कि सड़क के किनारे शव को फेंकने से पहले उस व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। शव को पहले पहचान और कानूनी औपचारिकताओं के लिए शहीद नवाब गौस बख्श रायसानी अस्पताल ले जाया गया और बाद में क्वेटा भेज दिया गया। 'द बलूचिस्तान पोस्ट' की रिपोर्ट के मुताबिक, एक अलग घटना में चमन इलाके से भी एक अज्ञात शव बरामद किया गया और उसे पहचान व जरूरी प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए अस्पताल ले जाया गया। सोहबतपुर में स्थानीय प्रशासन ने तीन शव मिलने की पुष्टि की है। 'द बलूचिस्तान पोस्ट' के अनुसार, शवों को अस्पताल भेजा गया, लेकिन खबर लिखे जाने तक उनकी पहचान नहीं हो पाई थी।



ये शव ऐसे समय में मिले हैं जब बलूचिस्तान के कई ज़िलों में अज्ञात शव मिलने की खबरें लगातार आ रही हैं। मानवाधिकार संगठनों और लापता लोगों के रिश्तेदारों ने बार-बार आरोप लगाया है कि जिन लोगों को जबरदस्ती गायब किए जाने की बात कही जाती है, उनमें से कुछ बाद में मृत पाए जाते हैं और उनके शव अलग-अलग जगहों पर पड़े मिलते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले हफ़्ते पंजगुर के एक अस्पताल में पाँच शव लाए गए थे और बाद में उनकी पहचान उन पुरुषों के तौर पर हुई जिनके लापता होने की पहले सूचना मिली थी। 'द बलूचिस्तान पोस्ट' द्वारा बताए गए परिवार के सदस्यों और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इनमें से दो लोगों को कथित तौर पर 2022 में पाकिस्तानी सेना ने हिरासत में लिया था, जबकि बाकी तीन के भी पहले लापता होने की सूचना थी।

अज्ञात शवों के बार-बार मिलने से लापता लोगों के परिवारों और मानवाधिकार समूहों के बीच बलूचिस्तान में कथित तौर पर लोगों को जबरदस्ती गायब करने और उनकी हत्याओं को लेकर चिंता फिर से बढ़ गई है, हालाँकि अधिकारियों ने अभी तक इन ताजा मौतों से जुड़े हालात के बारे में सार्वजनिक रूप से कोई जानकारी नहीं दी है।

# 'क्षेत्रीय सुरक्षा' के लिए रखे अपने प्रस्ताव

**ईरान**

**ईरान** ने सोमवार को संकेत दिया कि हालांकि उसे सऊदी अरब, तुर्की और पाकिस्तान के नेतृत्व वाले 'मक्का समझौते' में शामिल होने का निमंत्रण नहीं मिला है, लेकिन क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों पर बातचीत के प्रस्ताव जरूर दिए गए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बकाई ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में ये बातें कहीं। उन्होंने कहा हमें मक्का समझौते में शामिल होने का निमंत्रण नहीं मिला है, लेकिन इन देशों के साथ क्षेत्रीय सुरक्षा पर बातचीत के प्रस्ताव जरूर आए हैं। मक्का रक्षा समझौते पर 7 अगस्त को मक्का में सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान, तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हस्ताक्षर किए थे। इसका मकसद तीनों देशों के बीच रक्षा सहयोग और सामूहिक प्रतिरोध को मजबूत करना है। समिट के बयान के अनुसार, तीनों में से किसी भी देश पर सशस्त्र हमला होने पर उसे तीनों देशों पर हमला माना जाएगा। हालांकि इस समझौते में ऑपरेशन या सैन्य प्रतिबद्धताओं का विस्तार से ज़िक्र नहीं है, लेकिन यह बेहतर रक्षा सहयोग के लिए एक ढांचा तैयार करता है और क्षेत्र व उसके बाहर शांति, स्थिरता और सुरक्षा को अपने व्यापक लक्ष्यों के तौर पर पहचानता है। यह समझौता पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और संघर्षों के बीच हुआ, जहां यह क्षेत्र कई सुरक्षा चुनौतियों और बढ़ती भू-राजनीतिक अनिश्चितता का सामना कर रहा है। साथ ही अगस्त में पाकिस्तान, तुर्की और सऊदी अरब के बीच हाल ही में बने त्रिपक्षीय रक्षा समझौते पर बात करते हुए बाकाई ने कहा था कि यह समझौता क्षेत्रीय सोच में एक बुनियादी बदलाव का संकेत है, जो यह साबित करता है कि मध्य-पूर्व के देशों को यह एहसास हो गया है कि "सुरक्षा कोई ऐसी चीज नहीं है जिसे झूठे सुरक्षा दलालों से खरीदा जा सके।



## पुतिन को दिया मोदी का सीक्रेट मैसेज!

**रूस**

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने मॉस्को में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। उन्होंने रूसी नेता तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शुभकामनाएं और एक निजी संदेश पहुंचाया। रूस की दो दिन की यात्रा पर रविवार को मॉस्को पहुंचे जयशंकर ने राष्ट्रपति पुतिन के साथ द्विपक्षीय संबंधों और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी चर्चा की। यह मुलाकात 12-13 सितंबर को ब्रिक्स नेताओं के शिखर सम्मेलन के लिए पुतिन की नई दिल्ली यात्रा से पहले हुई है। यह बैठक इसलिए भी अहम है क्योंकि भारत और रूस कई क्षेत्रों में अपने आर्थिक संबंधों को मजबूत करने और सहयोग बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं।

## अमेरिकी प्रतिबंधों के बीच ईरान पर बड़ा खतरा, मध्य पूर्व में बढ़ा तनाव तो होगा 'गंभीर परिणाम'

**ईरान**

**ईरान** ने चेतावनी दी कि अमेरिका की ओर से लगाए जाने वाले नए प्रतिबंधों से इलाके में शांति नहीं आएगी, क्योंकि पूरे मध्य पूर्व में तनाव बना हुआ है। यह चेतावनी तब आई जब सीरिया में इजराइल के हमले के कुछ दिनों बाद जॉर्डन में इजराइली और सीरियाई अधिकारियों के बीच बातचीत हुई, और इजराइल ने कहा कि उसने गाजा में हमास के एक चरमपंथी को मार गिराया है। ये घटनाक्रम ईरान युद्ध को लेकर जारी तनाव, रुकी हुई कूटनीति और गाजा व कब्जे वाले वेस्ट बैंक में हिंसा के माहौल में सामने आए। अमेरिका की ओर से प्रतिबंधों की संभावित घोषणा से पहले, ईरान की मुद्रा गिरकर रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुँच गई। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने कहा कि तेहरान, वाशिंगटन के साथ सहयोग करने वाले देशों के खिलाफ किसी भी कार्रवाई सहित, विस्तारित अमेरिकी प्रतिबंधों का कड़ा जवाब देगा। उन्होंने कहा इस स्थिति में किसी भी तरह की वृद्धि के निश्चित रूप से गंभीर परिणाम होंगे। हमारे हाथ बंधे नहीं हैं। ईरान के शीर्ष सुरक्षा निकाय के नए प्रमुख ने यह भी कहा कि तेहरान प्रतिबंधों के लिए किसी भी देश के समर्थन को युद्ध की कार्रवाई मानेगा। कई हफ़्तों के गतिरोध के बाद ये और कड़े प्रतिबंध लगाए गए हैं। अमेरिका होर्मुज जलडमरूमध्य (स्ट्रेट ऑफ होर्मुज) पर ईरान का नियंत्रण खत्म नहीं कर पाया है; लगभग छह महीने पहले युद्ध शुरू होने से पहले दुनिया के कुल तेल व्यापार का पांचवां हिस्सा इसी रास्ते से गुजरता था। ईरान ने मांग की है कि जलडमरूमध्य को फिर से खोलने से पहले अमेरिका अपनी नौसैनिक नाकेबंदी हटाए, इलाके से अपनी सेनाएं वापस बुलाए और युद्ध में हुए नुकसान का हजार्ना दे। उसने ओमान के साथ इस जलमार्ग के संयुक्त प्रबंधन पर अलग से बातचीत भी की है, चाहे अमेरिका के साथ कोई नया समझौता हो या न हो। पहले भी प्रतिबंधों की वजह से ईरान में जरूरी चीजों की कीमतें बढ़ी हैं, लेकिन देश की अर्थव्यवस्था ने समय के साथ नए व्यापारिक साझेदार ढूंढकर और घरेलू उद्योग विकसित करके खुद को ढाल लिया है। इसके बावजूद, सोमवार को अमेरिका की संभावित घोषणा से पहले ईरानी मुद्रा रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुँच गई। सीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी रअठअ ने बताया कि विदेश मंत्री असद अल-शिबानी ने सप्ताहांत में जॉर्डन में इजराइली प्रतिनिधिमंडल के वरिष्ठ सदस्यों से मुलाकात की। यह बैठक अमेरिका की मध्यस्थता में तनाव कम करने के उद्देश्य से हुई थी।



# भारत ने की नो क्वेश्चन पीसी की मांग, सर्जियो गोर का दावा था ये है असली सच्चाई!

**अमेरिका**

**क्या** भारत ने अमेरिका से कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात के बाद पत्रकारों के सवाल ना लिए जाएं। भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गौर ने इसको लेकर बड़ा खुलासा किया है। सर्जियो गौर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 17 जून को हुई मुलाकात को लेकर स्टेज के पीछे हुई बातचीत के बारे में जानकारी दी है। सर्जियो गोर के मुताबिक भारत ने अमेरिका से कहा था कि दोनों नेताओं की मुलाकात के बाद मीडिया के सवाल जवाब नहीं होने चाहिए। ट्रंप ने पहले इस बात पर हामी भरी लेकिन मुलाकात शुरू होने के बाद उन्होंने खुद पत्रकारों से सवाल पूछने को कह दिया। इसके बाद जो बातचीत शुरू हुई वो करीब 45 मिनट तक चली और इसमें कई बड़े मुद्दों पर सवाल हुए। सार्वजनिक कार्यक्रमों की व्यवस्था को लेकर भारत और अमेरिका के बीच बातचीत, हाई-लेवल मीटिंग की तैयारियों का एक सामान्य हिस्सा है। यह बात अमेरिकी दूत सर्जियो गोर के उस आरोप के बाद सामने आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि नई दिल्ली ने अनुरोध किया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप फ्रांस में अपनी मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत न करें। दरअसल 17 जून को फ्रांस के एविया लेब में जी7 समिट के दौरान पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप की मुलाकात हुई थी।

इस मुलाकात से पहले सर्जियो गौर ने ट्रंप से उनकी तैयारियों को लेकर बात की थी। गौर के इस बयान के बाद से कांग्रेस ने भी सरकार को घेरा है। एक्स पर वीडियो शेयर किया है कांग्रेस ने और लिखा कि मोदी को सवालों से कितना डर लगता है इसका सबूत देख लीजिए। अमेरिकी राजदूत ने बताया कि फ्रांस में जी7 सम्मेलन में मोदी की ट्रंप से मुलाकात होनी थी। इससे पहले भारत के विदेश मंत्रालय ने यह अनुरोध किया कि प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों के सवाल ना लिए जाएं। इसी डर की वजह से मोदी ने आज तक एक प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं की है। असल में गौर ने 23 अगस्त को इकोनॉमिक टाइम्स वर्ल्ड लीडर्स फोरम में इन बारे में इस पूरे प्रकरण के बारे में बताया। बात की। उन्होंने कहा कि मुलाकात से पहले स्टेज के पीछे एक समय ऐसा आया जब सिर्फ ट्रंप और वह मौजूद थे। ट्रंप ने उनसे पूछा कि भारतीय पक्ष किन मुद्दों को उठाने वाला है और भारत की तरफ से क्या कोई खास मांग है? गौर के मुताबिक इस दौरान भारत के विदेश मंत्रालय यानी कि एमईए की एक बात सामने आई। भारत चाहता था कि मुलाकात के दौरान मीडिया को कमरे में आने दिया जाए। लेकिन पूरी प्रेस कॉन्फ्रेंस ना हो जिसमें सवाल जवाब भी हो और पत्रकारों को सवाल पूछने का मौका ना दिया जाए। गौर ने बताया कि उन्होंने ट्रंप से कहा कि भारतीय पक्ष सवाल नहीं चाहता है। ट्रंप ने जवाब दिया कि ठीक है कोई दिक्कत नहीं। इसके बाद मीटिंग शुरू हुई। कमरे में पत्रकार और कैमरे मौजूद थे। गौर के मुताबिक वहां करीब 50 कैमरे थे। प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप आमने-सामने बैठकर कुछ मिनट अपनी शुरूआती बातें रखी उन्होंने। लेकिन इसके तुरंत बाद ट्रंप ने कैमरों की तरफ देखा और पत्रकारों से पूछा कोई सवाल? बस यहीं से पूरा मामला बदल गया।

अखंड भारत संदेश स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झुंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित संपादक श्री स्वामी योगी सत्यम् RNI NO. यूपीएचआईएन/2001/09025, प्रबंधक अनूप मिश्रा, ऑफिस मो.: 9565333000, ईमेल: akhandbharatsandesh1@gmail.com, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।